हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 294, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 13 अप्रैल, 2022 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

भाजपा को विधान परिषद में पूर्ण बहुमत, सपा का सूपड़ा साफ, 3 निर्दलीय जीते

भाजपा के खाते में 36 में से 33 सीटें आईं, सपा को एक भी सीट पर जीत नसीब नहीं

लखनऊ। स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद की 36 सीटों के चुनाव में भाजपा ने जबरदस्त जीत दर्ज की है। भाजपा के खाते में 36 में से 33 सीटें आईं। भाजपा को विधान परिषद में पूर्ण बहुमत मिला है। सपा को एक भी सीट पर जीत नसीब नहीं हुई। वहीं तीन निर्दलीय उम्मीदवार बाजी मारने में कामयाब रहे। समाजवादी पार्टी के गढ़ आजमगढ़ में निर्दलीय विक्रांत सिंह ने जीत हासिल की। जबकि भारतीय जनता पार्टी को अपने गढ़ वाराणसी में हार का सामना करना पड़ा है। वाराणसी से निर्दलीय अन्नपूर्णा सिंह चुनाव जीतीं। वहीं, प्रतापगढ़ में राजा भैया का जलवा बरकरार है। उनके करीबी अक्षय प्रताप सिंह 5वीं बार एमएलसी बने हैं।

सपा-भाजपा को पटखनी देकर निर्दल विक्रांत सिंह रिशु ने मारी बाजी- आजमगढ़ जनपद में निर्दल प्रत्याशी विक्रांत सिंह रिशु ने भाजपा के अरूण कांत यादव को हराकर जीत दर्ज की। उनकी जीत से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। जनपद में एमएलसी चुनाव को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर विराम लग गया। मंगलवार को एफसीआई गोदाम में सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। तीन घंटे में ही मतणना पूरी हो गई। विक्रांत सिंह रिशु को 4075 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के अरूण कांत यादव को 1262 और सपा के राकेश यादव को 356 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार विक्रांत सिंह रिशु 2813 मतों से विजयी घोषित किए गए।

अक्षय प्रताप सिंह पांचवीं बार एमएलसी बने- प्रतापगढ़ में राजा भइया का जलवा कायम है। अक्षय प्रताप सिंह 5वीं बार एमएलसी बने हैं। अक्षय प्रताप सिंह 1106 मतों से विजयी हुए हैं। उन्हें कुल 1720 मत मिले। भाजपा के हरी प्रताप सिंह को 614 वोट प्राप्त हुए। सपा के विजय बहादुर यादव 380 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। इनवैलिड मतों की संख्या 62 रही, वहीं जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश नाथ ओझा 14 को वोट मिले। इनके अलावा अक्षय प्रताप सिंह की पत्नी मधुरिमा सिंह को 5 मत मिले।

बहराइच में प्रज्ञा त्रिपाठी ने जीत दर्ज की- बहराइच में एमएलसी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी प्रज्ञा त्रिपाठी ने जीत दर्ज की है। सपा प्रत्याशी अमर यादव को भाजपा प्रत्याशी प्रज्ञा त्रिपाठी ने हरा दिया है। प्रज्ञा त्रिपाठी ने 3188 मतों से जीत हासिल की है। रायबरेली में भाजपा प्रत्याशी एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह एमएलसी चुनाव में दो हजार से ज्यादा मतों से जीत गए हैं। प्रतिद्वंद्वी एवं सपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव को करारी शिकस्त मिली है। रायबरेली में मतगणना स्थल पर दिनेश प्रताप सिंह के भाई राकेश प्रताप सिंह ने विजयी प्रमाण पत्र लिया।

जौनपुर में लगातार दूसरी बार बृजेश सिंह प्रिंसू एमएलसी बने- जौनपुर में लगातार दूसरी बार बृजेश सिंह प्रिंसू एमएलसी बने हैं। उन्हें 3130 मत मिले हैं। पूर्व सांसद धनंजय सिंह के करीबी बृजेश को इस बार भाजपा ने प्रत्याशी बनाया था। वहीं, सपा के डॉ. मनोज कुमार यादव को कुल 772 मत मिले हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. रतनपाल सिंह को 4255 वोट मिले। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. कफील खान को 1031 वोट मिले। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. रतन पाल सिंह 3224 मतों से विजयी घोषित। लखनऊ-उन्नाव एमएलसी सीट पर भाजपा के रामचंद्र प्रधान भारी मतों से जीते हैं। रामचंद्र प्रधान को 3487 वोट मिले, सपा के सुनील साजन बुरी तरह हार गए।

1745 वोटों से जीतकर एमएलसी बने भाजपा के अंगद- बाराबंकी जिले में संपन्न हुए एमएलसी के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने जीत परचम लहराया है। भाजपा प्रत्याशी अंगद कुमार सिंह ने सपा के राजेश यादव राजू को 1745 मतों से हरा दिया। अंगद कुमार सिंह को जहां 2272 मत प्राप्त हुए वहीं सपा प्रत्याशी राजेश यादव राजू को 527 मत मिले। निर्दलीय प्रत्याशी धीरज यादव को 7 वोटों से संतोष करना पड़ा। मतगणना के दौरान 21 मत अवैध घोषित किए गए। ऐसा पहली बार हुआ है कि आजादी के बाद भाजपा प्रत्याशी ने एमएलसी का चुनाव में जीत दर्ज की है। पिछली बार सपा प्रत्याशी राजेश यादव राजू एमएलसी निर्वाचित हुए थे। भाजपा प्रत्याशी की जीत के बाद उनके समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए के बाहर सुबह 8 बजे से ही जमा हो गए थे।

फिरोजाबाद में विजय शिवहरे जीते- भाजपा के विजय शिवहरे 3266 वोट से सपा के दिलीप सिंह को हराकर आगरा फिरोजबाद एलएलसी चुनाव जीत गए हैं। सपा के डॉ. दिलीप सिंह को 205 वोट प्राप्त हुए हैं। प्रथम वरीयता के 1871 मत जीत के लिए विजयी प्रत्याशी को चाहिए थे। डीएम प्रभु एन सिंह के मुताबिक भाजपा को कुल 3471 मिले हैं। निर्दलीय हसनूराम अंबेडकरी को 12, प्रवीण कुमार को 30 और विमल कुमार को 22 वोट मिले हैं।

रविशंकर सिंह पप्पू को मिली बड़ी जीत- बलिया में एमएलसी चुनाव की मतगणना खत्म हो गयी। यहां भाजपा प्रत्याशी रविशंकर सिंह 'पप्पू' ने 2259 मत प्राप्त कर लगातार चौथी बार जीत दर्ज की है। वहीं, सपा प्रत्याशी अरविन्द गिरी को 278 मत से संतोष करना पड़ा है। बता दे कि यहां 2577 वोट पड़े थे, जिसमें 40 मत प्रतिपेक्षित है।

प्रयागराज में बीजेपी के डॉ केपी श्रीवास्तव की जीत- इलाहाबाद-कौशांबी स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ केपी श्रीवास्तव ने सपा प्रत्याशी और निवर्तमान एमएलसी वासुदेव यादव को करीब 1600 मतों से पराजित किया।

मेरठ में बीजेपी प्रत्याशी धर्मेंद्र भारद्वाज चुनाव जीते- मेरठ में भाजपा के धर्मेंद्र भारद्वाज ने एमएलसी के चुनाव में जीत हासिल की है। धर्मेंद्र भारद्वाज को 3708 वोट मिले वहीं कैंसिल वोटों की संख्या 119 रही। जिले में कुल 4040 वोट पड़े थे। गठबंधन से सुनील रोहटा को 227 वोटों के साथ संतोष करना पड़ा।

सीतापुर से बीजेपी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान जीते- सीतापुर में भी कमल खिला है। यहां समाजवादी पार्टी को बुरी तरह हार मिली है। भाजपा के पवन सिंह ने जीत दर्ज की है। 3762 मत पाकर भाजपा प्रत्याशी पवन सिंह एमएलसी पद का चुनाव जीत गए हैं। सपा प्रत्याशी को मात्र 61 मत मिले हैं, जबकि 42 मत अवैध पाए गए।

गाजीपुर से बीजेपी प्रत्याशी विशाल सिंह चंचल जीते

गाजीपुर में भाजपा प्रत्याशी विशाल सिंह ने सपा के मदन सिंह यादव को हराकर जीत दर्ज की है। उनकी जीत से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। जनपद में एमएलसी चुनाव को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर विराम लग गया। मतगणना में भाजपा के विशाल सिंह चंचल ने सपा के मदन सिंह यादव को पटखनी देकर दूसरे बार भी सीट पर कब्जा बरकरार रखा। मतगणना में विशाल सिंह चंचल को 2422 मत प्राप्त हुए। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के मदन सिंह यादव को 632 और 43 अवैध मत पड़े।

वाराणसी में निर्दलीय की जीत

वाराणसी में एक बार फिर से बृजेश सिंह का दबदबा कायम रहा। एमएलसी चुनाव में उनकी पत्नी अन्नपूर्णा ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। यहां भाजपा को तीसरा स्थान मिला। अंतिम चक्र की मतगणना में सपा के उमेश यादव को 345, भाजपा के डॉ. सुदामा पटेल को 170 वोट मिले। वहीं, निर्दलीय अन्न पूर्णा सिंह ने 4234 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। इसमें 127 कुल निरस्त मतपत्र मिले। बता दें कि 24 वर्ष से बनारस की इस सीट पर केंद्रीय जेल में बंद बृजेश सिंह या उनके परिवार का ही कब्जा रहा है। निवर्तमान एमएलसी बृजेश सिंह के बड़े भाई उदयभान सिंह उर्फ चुलबुल सिंह एमएलसी सीट पर 1998 में एमएलसी बने। दो बार एमएलसी चुने गए और पंचायत चुनाव में उनका दबदबा जगजाहिर ही है। इसके बाद 2010 में बृजेश सिंह की पत्नी अन्नपूर्णा सिंह बसपा के टिकट से इस सीट पर एमएलसी बनी। इसके बाद वर्ष 2016 में बृजेश सिंह मैदान में उतरे तो भाजपा ने उन्हें समर्थन दिया और उनके खिलाफ कोई प्रत्याशी नहीं उतारा।

बाल-बाल बचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नालंदा में पैर छूने के दौरान सीएम के सामने किया धमाका

पटना। बिहार के नालंदा में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करने की कोशिश की गई। आयोजन के दौरान लोगों से मिल रहे नीतीश कुमार के पैर छूने के बहाने से एक युवक आगे बढ़ा और उनके नजदीक जाकर धमाका कर दिया। गनीमत रही कि यह पटाखा था, जो नीतीश कुमार से थोड़ी दूर गिरा। इससे कारपेट जल गई। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। पहले लगा कि फायरिंग की गई है, बाद में पटाखा फोड़ने की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया है। उसकी पहचान नालंदा के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सत्यारगंज निवासी 22 वर्षीय शुभम आदित्य के रूप में हुई है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। विदित हो कि हाल के दिनों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था में दोबारा ऐसी बड़ी चूक हुई है। पिछले दिनों पटना के बख्तियारपुर में एक युवक ने सीएम पर हमले की कोशिश की थी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। शरारती तत्व माचिस और विस्फोटक लेकर डी एरिया में घुस गया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में थे, जहां स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर से लेकर सिपाहियों की तैनाती थी। वहीं, सामने वाले घेरे में एसपी और एएसपी रैंक के दो पदाधिकारी थे। नियमानुसार, कार्यक्रम से पूर्व श्वान दस्ता और बम निरोधक दस्ता स्थल का निरीक्षण करते हैं। कार्यक्रम पूरा होने तक दोनों स्क्वायड वहीं रहते हैं। इस घटना के बाद दोनों दस्ता की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। खोजी कुत्ते भी विस्फोटक को सूंघ नहीं पाए।

कश्मीरी पंडितों जैसी स्थिति से बचने के लिए हिंदुओं को रखनी चाहिए तलवार

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद की नेता साध्वी सरस्वती ने सभी हिंदुओं से तलवार खरीदने की अपील की है। साध्वी सरस्वती ने कहा कि कश्मीरी पंडितों के साथ जैसा हुआ, वैसी स्थिति से निपटने के लिए हर हिंदू को तलवार खरीदकर रखनी चाहिए। महाराष्ट्र के धूले में एक रैली को संबोधित करते हुए साध्वी सरस्वती ने कहा कि कश्मीरी पंडितों के साथ जैसी स्थिति बनी तो सवाल उठेगा कि ब्राम्हणों ने तलवारें क्यों नहीं उठाई? आपने जंग क्यों नहीं किया?

आप अपने अधिकारों के लिए क्यों नहीं लड़े? साध्वी सरस्वती ने सभी हिंदुओं से अपील की है कि वो अपनी आन,बान और शान को बनाए रखने के लिए तलवार रखें। वीएचपी की फायरब्रांड नेता साध्वी सरस्वती ने कहा कि आप एक लाख रुपये का मोबाइल या लैपटॉप खरीद सकते हैं तो एक हजार रुपये की तलवार भी खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों डासना देवी मंदिर के पुजारी येति नरसिंहानंद ने भी इसी तरह का बयान दिया था। दिल्ली में आयोजित हिंदू महापंचायत में येति ने कहा था कि हिंदुओं को अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए हथियार उठा लेना चाहिए। येति नरसिंहानंद इसी तरह के विवादित बयान देने के लिए जाने जाते हैं। पिछले दिनों हरिद्वार स्थित धर्म संसद में येति ने मुसलमानों के नरसंहार की बात कही थी जिसके बाद उनके खिलाफ केस हो गया था और उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी थी। दरअसल फिल्म द कश्मीर फाइल्स को लेकर देशभर में कश्मीरी पंडितों का मुद्दा उठा हुआ है। विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स को लेकर काफी विवाद भी हो रहा है। एक तरफ बीजेपी शासित राज्य इसे टैक्स फ्री कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग फिल्म देखें वहीं दूसरी तरफ दूसरी धड़ा है जो फिल्म को साजिश बता रहा है। फिल्म का विरोध करने वालों का तर्क है कि फिल्म के जरिए समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है जिससे हिंदु-मुसलमान दो पाट में बंट जाएं।

शहबाज शरीफ ने पीएम मोदी को कहा धन्यवाद, बोले- भारत से चाहते हैं बेहतर रिश्ते और सुलझाना चाहते हैं विवाद

इस्लामाबाद (एएनआई)। पाकिस्तान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय प्रधानत्री नरेन्द्र मोदी को उनके द्वारा दिए गए शुभकामना संदेश के बदले में धन्यवाद कहा है। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि वो भारत के साथ शांतिपूर्ण और मजबूत संबंध बनाने के इच्छुक हैं। उन्होंने ये भी कहा है कि वो भारत के साथ जम्मू कश्मीर समेत सभी मुद्दों को सुलझाना चाहते हैं। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान ने भी आतंकवाद की आग में काफी कुछ खोया है अब वो शांति स्थापित करना चाहता है। बता दें कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ को सीनेट के चेयरमैन सादिक संजरानी ने शपथ दिलाई। शहबाज को राष्ट्रपति आरिफ अल्वी शपथ दिलवाने वाले थे। हालांकि, उन्होंने 'तबीयत खराब' होने की शिकायत की। अल्वी अविश्वास प्रस्ताव के जरिये अपदस्थ किए गए इमरान खान की पार्टी के सदस्य रहे हैं। तबीयत खराब होने की वजह से अल्वी की जगह सादिक संजरानी ने शहबाज को शपथ दिलाई।। इसके बाद अपने पहले संबोधन में उन्होंने भारत के साथ रिश्ते सुधारने के साथ-साथ कश्मीर का राग भी अलापा था। उन्होंने कहा था कि शरीफ सरकार में भारत के साथ रिश्ते बेहतर रहे हैं। उनके पीएम बनने पर भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया था कि शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई। भारत समूचे क्षेत्र में शांति स्थिरता चाहता है। साथ ही पूरा क्षेत्र आतंक मुक्त हो ये भारत की प्राथमिकता है। इसलिए हमारी प्राथमिकता में आर्थिक विकास की चुनौतियां और और अपने लोगों का उत्थान सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में चले लंबे सियासी गतिरोध के बाद शहबाज के हाथों में सत्ता आई है। शहबाज शरीफ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई है। उन्होंने अपना राजनीतिक करियर पंजाब असेंबली से शुरू किया था।



रामनवमी पर हिंसा के बाद बोले राहुल गांधी देश को कमजोर कर रही नफरत

नई दिल्ली। रामनवमी के मौके पर देश के कई हिस्सों से हिंसा की खबरें आईं। कई राज्यों में सांप्रदायिक झड़प की घटनाएं हुईं। अब राहुल गांधी ने इसको लेकर कहा है कि इस तरह की नफरत और हिंसा हमारे प्यारे देश को कमजोर कर रही है। उन्होंने ट्वीट करके सरकार पर भी निशाना साधा और लोगों से भाईचारे की अपील की। दरअसल रामनवमी के दिन मध्य प्रदेश से लेकर बंगाल तक हिंसक घटनाएं हुईं। वहीं राजधानी दिल्ली में स्थित जेएनयू में भी मीट खाने को लेकर झड़प हो गई। राहुल गांधी ने कहा, 'हिंसा और घृणा हमारे देश को कमजोर कर रही है। प्रगति का रास्ता केवल भाईचारे की ईंटों से बनाया जा सकता है, इसके लिए शांति और सौहार्द की जरूरत है।' उन्होंने लोगों से अपील की कि सुरक्षित भारत के लिए लोग साथ खड़े रहें। बता दें कि गुजरात के दो शहरों में हुई हिंसा में कम से कम एक शख्स की मौत हो गई। वहीं झारखंड और पश्चिम बंगाल में भी हिंसा की घटनाएं सामने आईं। ज्यादातर जगहों पर जुलूस निकालने के दौरान हिंसा हुई। झारखंड में भी एक गंभीर रूप से घायल शख्स की जान चली गई। मध्य प्रदेश के खरगोन में हुई हिंसा को लेकर सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि वह दोषियों को केवल जेल नहीं भेजेंगे बल्कि प्राइवेट और सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने वालों से पूरी वसूली भी की जाएगी।

उ. भारत में भीषण गर्मी व लू का कहर दिल्ली में गर्मी का येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में आसमान से आग बरस रही है। बढ़ते तापमान के साथ लू के थपेड़ों से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में लू की चेतावनी दी है। आईएमडी के मुताबिक, राजस्थान, पंजाब के कुछ हिस्सों, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिमी मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू चलने की संभावना है। राजधानी दिल्ली में मौसम विभाग ने गर्मी का 'येलो' अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के कई जगहों पर हीटवेव कंडीशन और बहुत से इलाकों में सीवियर हीटवेव कंडीशन की भविष्यवाणी की गई है। दिन के समय आज दिल्ली का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है, जबकि अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। पहाड़ी इलाकों की बात की जाए तो मौसम विभाग ने उत्तराखंड में फिर मौसम बदलने की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले कुछ दिनों में यहां बारिश हो सकती है। जिसके चलते तापमान में कुछ कमी आ सकती है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं हिमाचल प्रदेश के शिमला का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहने वाला है और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती हवाओं का एक क्षेत्र बना हुआ है। उधर, विदर्भ से दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक एक निम्न दबाव की रेखा मराठवाडा और उत्तरी आंतरिक कर्नाटका होकर गुजर रही है। मौसम विभाग के अनुसार 12 अप्रैल की रात तक पश्चिमी हिमालय के पास एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इसके असर से असर से उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत में मोदी ने यूक्रेन युद्ध जल्द खत्म होने की उम्मीद जताई

नई दिल्ली। वर्चुअल मीटिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति से रूबरू हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन संकट के अलावा दक्षिण एशिया का विकास, इंडो-पैसेफिक की हालात और द्विपक्षीय सहयोग जैसे विषयों बातचीत की। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन से चर्चा के दौरान पीएएम मोदी ने कहा, "हमारी संसद में यूक्रेन के विषय पर विस्तार से चर्चा हुई है। हाल में यूक्रेन के बुचा शहर में आम नागरिकों की हत्या की खबर चिंताजनक है। हमने इसकी निंदा की है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। "प्रधानमंत्री ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि बातचीत से समस्या का हल निकलेगा।हमने अपनी ओर से दवाएं व अन्य सामग्री यूक्रेन को भेजी है।"

बाइडेन से मुखातिब होते हुए पीएम ने कहा कि आपने कहा है कि लोकतंत्र के जरिये सार्थक परिणाम निकल सकते हैं। उम्मीद है कि यूक्रेन संकट जल्द ही खत्म होगा। पीएम ने कहा, 'पिछले साल सितम्बर में जब मैं वॉशिंगटन गया था, तब आपने (बाइडेन ने) कहा था कि भारत-अमेरिका की साझेदारी बहुत सी वैश्विक समस्याओं के समाधान में योगदान दे सकती है। मैं आपकी बात से पूर्णतया सहमत हूं। विश्व के दो सबसे बड़े और पुराने लोकतंत्रों के रूप में, हम स्वाभाविक सहयोगी हैं।आज की हमारी बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब यूक्रेन में स्थिति बहुत चिंताजनक बनी हुई है।' उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले तक, 20,000 से अधिक भारतीय यूक्रेन में फंसे हुए थे, इनमें से अधिकांश युवा छात्र थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मैंने यूक्रेन और रूस, दोनों के राष्ट्रपतियों से कई बार फोन पर बातचीत की। मैंने न सिर्फ. शांति की अपील की, बल्कि मैंने राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ सीधी बातचीत का सुझाव भी दिया।

चिंतन मनन

पाक की सियासत

पाकिस्तान की सियासत का इतिहास बदस्तूर वैसा ही है, जैसा था। पाकिस्तान बनने के बाद अब तक कोई प्रधानमंत्री 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है। इमरान भी नहीं कर पाए और करीब पौने चार साल में ही कुर्सी से उतार दिए गए। इमरान खान जब सत्ता में आए तो उन्हें पाकिस्तान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली उम्मीद के तौर पर देखा गया लेकिन 44 महीने बाद जब अविश्वास प्रस्ताव की वजह से इमरान को सत्ता से बाहर किया गया, तो ये सारी उम्मीदें उल्टी साबित हुईं। आलम ये है कि पाकिस्तान में महंगाई चरम पर है और उसकी जीडीपी और रुपए दोनों की हालत खस्ता है। 2018 में पाकिस्तान में चुनावी जीत के साथ पीएम बनने वाले इमरान को शुरू से ही सेना का समर्थन हासिल था। उन आम चुनावों में धांधली के आरोप लगे और माना जाता है कि सेना की मदद से इमरान सत्ता पर कब्जा करने में सफल रहे। लेकिन सत्ता संभालने के कुछ ही महीनों बाद इमरान और सेना में दूरियां बनने लगी। जानकारों का मानना है कि इसकी वजह काफी हद तक इमरान की खुद को पूर्व प्रधानमंत्रियों जुल्फिकार भुट्टो और नवाज शरीफ की तरह खुद को सेना के चंगुल से आजाद पीएम बनने की चाह थी। इसके बाद उन्होंने ऐसे कई कदम उठाए, जिससे उनके और सेना के बीच खाई चौड़ी होती गई। 2019 में इमरान ने पाक सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को कार्यकाल विस्तार को टालने की बहुत कोशिश, हालांकि इसमें सफल नहीं हुए। इसी तरह पिछले साल इमरान ने बाजवा के चहेते माने जाने वाले जनरल नदीम अंजुम को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के मुखिया पद पर नियुक्ति में टालमटोल करते रहे और जानबूझकर इसे लटकाने की कोशिश की। पिछले साल ही इमरान ने आईएसआई प्रमुख फैज हमीद को कोर कमांडर बनाकर पेशावर भेज दिया, जिससे बाजवा के रिटायर होते ही वह उनकी जगह सेना प्रमुख बन सकें। इमरान और सेना के संबंधों में आई दरार धीरे-धीरे इतनी चौड़ी हो गई कि वे दोनों एक दूसरे से लगभग हर मुद्दे पर अलग खड़े नजर आने लगे। हाल ही में इमरान रूस की यात्रा पर पहुंचे और उन्होंने यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर कुछ भी नहीं कहा। यह अमेरिका परस्त मानी जाने वाली पाक सेना के लिए झटका था, इसी वजह से अगले ही दिन जनरल कमर जावेद बाजवा ने यूक्रेन पर रूस के हमले को गलत बताने वाला बयान जारी कर दिया। इमरान यहीं नहीं रुके और उन्होंने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें हटाने की कोशिशों को विदेशी साजिश करार दिया और खुलकर इसके पीछे अमेरिका का हाथ होने का नाम लिया। ये अमेरिका समर्थक माने जाने वाली पाक सेना से एकदम उलट रुख है। इमरान ने जहां भारत की विदेश नीति की तारीफ की तो वहीं जनरल बाजवा ने ने कश्मीर-विवाद को बातचीत से हल करने की पेशकश की। जानकारों का मानना है कि वर्तमान संकट में भले ही सेना सीधे तौर पर शामिल नजर न आए लेकिन उसने सुप्रीम कोर्ट के जरिए इमरान को बाहर करने की राह बनाते हुए इमरान को झटका दे दिया है। इमरान पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के वादे के साथ सत्ता में आए थे, लेकिन अब जब वह रुखसत हो चुके हैं, तो पाकिस्तान सबसे बदहाल स्थिति में है। इमरान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान की जीडीपी 315 अरब डॉलर से गिरकर 264 अरब डॉलर की रह गई है। इमरान की सबसे बड़ी गलती इस साल जनवरी के बाद विपक्ष के मंसूबों में आए बदलाव को न भांप पाने की रही। विपक्ष ने इमरान और सेना के बीच चौड़ी होती खाई को मौके की तरह इस्तेमाल किया और एकजुट होकर इमरान पर हमला बोला।

रहा पुनः है तैर !

आया फिर परिणाम ।
बधाईयों का तांता ।।
कोई बोले साहब ।
कोई बोले भ्राता ।।
शुभकामना, शुक्रिया ।
रहा पुनः है तैर ।।
वह भी गले मिल रहे ।
जो रखते थे बैर ।।
कोशिश लगातार है ।
क्रम ये चलता जाए ।।
आगे भी विरोधी ।
कहीं न टिकने पाए ।।
चलता रहे प्रयास ।
उपर से आदेश ।।
बने रहना हरदम ।
आगे भी विशेष ।।

–कृष्णेन्द्र राय

सावधान- पीने योग्य जल के लिए अगला विश्व युद्ध होने की सम्भावना

आदिकाल में जब श्रृष्टि का श्रृजन हुआ तभी से प्रकृति में जल का महत्वपूर्ण स्थान है। इस बात से हम भली भांति वाकिब है। मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भौतिक विकास के अंधी दौड़ में इतना पागल हो गया है कि उन्होंने प्रर्यावरण तक को नही छोड़ा है। खुराफाती मानव अपनी नीजि स्वार्थ सिद्धि व भौतिकवादी विकास के नाम पर अन्धाधुंध हरे -भरे जंगलों की कटाई,विशालकाय गगन चुम्बी कंकरीट के जंगलों का निर्माण कर रहा है। जंगल की रातों रात अवैध कटाई से आज प्रकृति का मिजाज व संतुलन बिगड़ गया है। परिणाम स्वरूप प्रकृति की संतुलन चक्र विगड़ने के कारण मानव को प्राकृतिक प्रकोप के रूप में बाढ सुखाढ़ ' भुकंप ,महामारी का समाना करना पड़ रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना इसका ताजा उदाहरण है। बिन बुलायें मेहमान की तरह नित्य नवीन नये अवतार के रूप नये वेरियंट्स आ रहे है। सम्पूर्ण विश्व आज कोरोना के देश से कहारा रहा है।

विश्व के मान चित्र पर गौर करें तो पता चलता है ' दो तिहाई भाग जल व एक तिहाई भु भाग पर आबादी है। जब इस श्रृष्टि कर्ता ने संसार का निर्माण किया होगा तभी उन्होंने जल के महत्वपूर्ण भूमिका भी र्निधारित कर दी होगी। अर्थात मानव जीवन ही वरन सम्पूर्ण श्रृष्टि जल के बिना अधुरा ही नही असंभव है। जल बिन सारा जग सुना। जहाँ जल है वही जीवन की कल्पना की जा सकती है। यह हम नही बल्कि हमारे वैज्ञानिक भी इस बात को सत्य मानते है। विश्व के वैज्ञानिक की खुशी का ठिकाना इस बात का सबसे पुख्ता सबुत है-चाँद की सतह पर पानी होने की साक्ष्य मिले थें तभी तो कहा गया" जहाँ जल है वहाँ जीवन की अन्नत सम्भावना होती है"

ऋतुराज के विदाई के साथ ग्रीष्म ऋतु के आगमन का शुभ संकेत की बानगी देखने को मिल गई है। परिणाम स्वरूप इन दिनो भगवान भुवन भास्कर सूर्य देव की टेड़ी नजर दिल्ली / एन सी आर वासियों पर पड़ रही है। सूर्य की उष्मा व प्रचण्ड गर्मी ने दिल्ली बासियों को कोप भाजन बनाना आरम्भ कर दिया है। ताप मान के

बढते रिकार्ड व विगत सालों के टुटते रिकार्ड इस बात की ओर इंगित कर रहा है। इस वर्ष भी जल संकट होने वाला है। हमारे भु वैज्ञानिकों का मानना है कि बढ़ती गर्मी में पीने योग्य जल के लिए अभी सें संघर्ष चालू हो गया है हालाकि राहत की बात यह कि दिल्ली की वर्तमान केजरीवाल सरकार ने दिल्ली वासियों को मुफ्त जल मुहैया करावा रही है। लेकिन देश की कई हिस्सों में पीने योग्य पानी के लिए त्राहि मान हो रहा है।

ऐसी विषम परिस्थितियों में भी बुद्धिजीवीयों में यह अवधारणा बनी हुईं है कि हमारे पास जल का आपार भंडार है। लेकिन उनके इस अवधारणा के पीछे एक भयावह सत्य को स्वीकार करना होगा कि जल संकट तथा उसके कारण जन्में दुष्परिणामों की लम्बी श्रृंखला हैं। बुद्धिजीवीयों ने सिर्फ जल संकट की यथा स्थिति को आंखों के सामने रख कर यह अवधारणा बना रखी है। समाज व राष्ट्र के प्रति प्रत्येक जिम्मेदार नागरिकों को जल की यथा स्थिति और जल समस्या से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा व चिन्तन की आवश्यकता है। मानव जाति को जल समस्या से मुक्त करने में अपना योगदान दे। यह देश और दुनिया के हित में अति महत्व पूर्ण निर्णय होगा और सम्पूर्ण मानव जाति इस निर्णय का सम्मान करेगी।

यह बात शत प्रतिशत सत्य है कि प्रकृति ने हम सभी को हवा 'पानी उपहार स्वरूप भेट दिया है। जल प्राकृतिक सम्पदा हैं। प्रकृति ने इस श्रृष्टि में निष्पक्ष रह कर अमृत रुपी जल को समस्त प्राणियों तक पहुंचा कर अपनी जिम्मेवारी का निर्वाहन किया है ।

लेकिन दुःख की बात यह है कि सरकार आज जिस पानी की कमी को लेकर व्यथित हैं और अगले विश्व युद्ध की बात करते वह भू-गर्भ का निम्न 'जल स्तर है और वस्तुत वह पानी पेड़ पौधों की अमानत है। मानव जाति ने विशाल शक्तिशाली पंपों का उपयोग कर के भू-गर्भ जल के स्तर को पेड़ पौधों की पहुंच से बहुत नीचे पहुंचा दिया है। प्रकृति ने जिस पानी को सिर्फ वनस्पति जगत यानी पेड़ पौधों के लिए ही रखा है और उस पर हमारा कोई अधिकार ही नही है। मानव जाति उस पानी का निरंतर दोहन कर के अपने उपयोग में ले रही हैं। यह पेड़ पौधों पर अत्याचार है। मैं भू-गर्भ जल के दोहन को मानव जाति की गैर जिम्मेदाराना हरकत है। प्रकृति के नियमों के अनुसार भू स्तर जल सभी जीव जगत की अनमोल अमानत है। जिसमें मानव जाति की हिस्सेदारी है। अगर हम सभी गहन चिन्तन मनन करें तो जल की कोई कमी नही है, क्योंकि प्रकृति हमें पर्याप्त मात्रा में पानी मुहैया कराती है। दुःख की बात यह है जल का उपयोग व संचयन सही तरीके से करे। बड़ भागी हम सभी भारत में जन्म लिया है। यह देश ऋषि मुनियों का जन्म स्थली है। तभी तो कहा गया है धन्य धन्य वह धरा जहाँ पतित पावनी गंगा युग युगान्तर से निरन्तर निंविधन बह रही है। पवित्र गंगा व गंगा जल की महिमा हमारे धर्म ग्रंथो में भी उल्लेख किया गया है। तभी तो भारत वर्ष नदियों का देश कहा गया। लेकिन विडम्बना देखे कि जीवन दायिनी गंगा कभी कभी वरदान की जगह अभिशाप बन जाती है। विविधता भरे इस देश में कही बाढ तो कहीं सुखाढ़ की भयावह स्थिति से हम जुझना पड़ता है। जानकारी व संसाधन के अभाव में वर्षा के जल का संचयन नही हो पा रहा है। सरकारी योजनाओं में जनता के गाडी कमाई के करोड़ों रुपए को पानी की तरह बहाया जाता है लेकिन जमीनी धरातल पर परिणाम नगण्य है। तभी तो गालिब ने कहा है कि तेरे गलियों का मौसम सरकारी फाईलों में सुहाना है लेकिन वास्तविकता कुछ ओर है।

जहाँ वर्षा ऋतू में करोड़ों घरों को डुबाते हुए अथाह पानी समुद्र में विलीन होते हुए हम अपनी आंखों से देखते हैं। प्रति वर्ष हमारी आवश्यकताओं का 4000 से 5000 गुना पानी समुद्र में मिलकर जहरीला हों जाता है। हालाकि यह अलग विषय है की हमने इस पानी को स्टोर करने का गंभीर प्रयास नही किया।

आज तक हमने भू - जल स्तर के भण्डारण का गंभीर प्रयास नही किया क्योंकि हमारी लक्ष्य स्थली या केन्द्र बिन्दु भूगर्भ जल जल तक सीमित था और भूगर्भ जल हमें पर्याप्त पानी मुहैया करा सकता है इसी सोच के सहारे आगे बढ़ते गए। मानव जाति की यह सोच हमारी जल समस्या का मूल कारण है। भू - स्तर जल के भण्डारण पर ध्यान केन्द्रित करने से मात्र 4,5 वर्षो में हम जल समस्या को खत्म करके अतिरिक्त जल भण्डारण की स्थिति पर आ सकतें है ' क्योंकि प्रकृति हमारी आवश्यकताओं से हजारों गुना ज्यादा पानी प्रतिवर्ष मुहैया करा रही है।

ऐसे में प्रकृति मानव जाति को बार बार अगाह कर रही है कि हे मानव अभी भी कुछ नहीं हुआ है सावधान हो जाएं नही तो वह समय दुर नही जब तीसरा विश्व युद्ध शुद्ध पीने योग्य पानी के लिए हो जिसकी भविष्य वाणी भारतीय संसद में पूर्व प्रधानमंत्री ने कर दी थी।

प्लास्टिक की खोज और उसके पर्यावरणीय खतरे

दुनियाभर में वातावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कुछ प्रमुख कारकों में से प्लास्टिक एक प्रमुख कारक है। प्लास्टिक शब्द ग्रीक शब्द प्लास्टिकोज और प्लास्टोज से बना है, जिसका अर्थ है जो लचीला है या जिसे ढ़ाला, मोड़ा या मनमर्जी का आकार दिया जा सके। 21वीं सदी में पर्यावरण प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों में प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसके खतरों से पूरी दुनिया त्रस्त है। कनाडा के हैलीफैक्स शहर में तो वर्ष 2018 में प्लास्टिक कचरे के ही कारण इमरजेंसी लगानी पड़ी थी। भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या दिनों-दिन विकराल हो रही है, जो न केवल हर दृष्टि से प्रकृति पर भारी पड़ रही है बल्कि मानव जाति के साथ-साथ धरती पर विद्यमान हर प्राणी के जीवन के लिए भी बड़ा खतरा बनकर उभर रही है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त भारत बनाने की दिशा में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की जा चुकी है। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार उसके बाद पॉलीस्टाइनिन और एक्सपैंडेड पॉलीस्टाइनिन सहित सिंगल यूज वाले प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

प्लास्टिक में बहुत सारे ऐसे रसायन होते हैं, जो कैंसर और हृदय रोग सहित कई गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। आज प्लास्टिक कचरे से देश का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं है और प्लास्टिक अब आम जनजीवन का इस कदर अहम हिस्सा बन चुका है कि तमाम प्रयासों के बावजूद इस पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है, न ही अब तक इसका कोई भरोसेमंद विकल्प खोजा जा सका है। यह जान लेना भी दिलचस्प और जरूरी है कि प्लास्टिक की खोज कब और कैसे हुई थी? हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर प्रकाशित अपनी बहुचर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें में मैंने इसका उल्लेख विस्तार से किया है। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के मुताबिक मनुष्य निर्मित प्लास्टिक पाकेर्साइन का पेटेंट सबसे पहले वर्ष 1856 में बर्मिंघम इंग्लैंड के अलेक्जेंडर पार्क्स ने कराया था, जो 1862 में अपने वास्तविक रूप में दुनिया के सामने उस समय आया था, जब पहली बार 1862 में लंदन की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में उसे रखा गया था। प्राकृतिक रबर, जिलेटीन, कोलेजीन, नाइट्रोसेल्युलोज जैसे पदार्थ प्लास्टिक के पहले उपलब्ध पदार्थ थे। 1866 में अलेक्जेंडर पार्क्स ने पाकेर्साइन कम्पनी बनाकर इसका बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू किया। पॉलिथीन दुनिया का सबसे लोकप्रिय प्लास्टिक है, जिसे सबसे पहले जर्मनी के हैंस वोन पैचमान ने वर्ष 1898 में अचानक ही खोज लिया था। प्रयोगशाला में एक प्रयोग करते समय उन्होंने सफेद रंग के मोम जैसा एक पदार्थ बनते देखा, जिसका नाम पॉलिथीन रखा गया। 1900 में पूरी तरह से सिंथेटिक, फिनोल और फॉर्मेल्डीहाइड का उपयोग करके प्लास्टिक बनाना शुरू कर दिया गया था और जर्मनी तथा फ्रांस में कैसीन से निर्मित प्लास्टिक का व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ हो गया था।

बेल्जियम मूल के अमेरिकी नागरिक डा. लियो हेंड्रिक बैकलैंड ने भी प्लास्टिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने 1907 में फेनॉल तथा फॉर्मेल्डीहाइड की अभिक्रिया में कुछ परिवर्तन करके सिंथेटिक पद्धति से एक ऐसा प्लास्टिक निर्मित किया, जिसका उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता था। उन्होंने फेनॉल तथा फॉर्मेल्डीहाइड को मिलाकर गर्म किया, जिसे ठंडा करने पर एक कठोर पदार्थ मिला। बाद में उन्होंने इसमें लकड़ी का बुरादा, एस्बेस्टस और स्लेट पाउडर मिलाकर कई और चीजें भी बनाई। बेकलैंड के नाम पर ही उस नए प्लास्टिक का नाम 1912 में बैकेलाइट रखा गया था। अपने इस आविष्कार के बाद बैकलैंड ने कहा भी था कि अगर वह गलत नहीं हैं तो उनका यह अविष्कार (बैकेलाइट) भविष्य के लिए अहम साबित होगा। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद प्लास्टिक बनाने की तकनीक में जबरदस्त विकास हुआ। औद्योगिक रूप से पॉलिथीन का आविष्कार 27 मार्च 1933 को ब्रिटेन के चेशायर प्रांत के नॉर्थविच शहर में दुर्घटनावश हुआ था। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में बताया गया है कि कैमिस्टों की एक टीम आईसीआई वेलरस्कॉट प्लांट में पॉलीमर की खोज कर रही थी। उसी खोज के दौरान एक रात उनका यह प्रयास दुर्घटनावश विफल हो गया

देश में धार्मिक सामंजस्य बिगाडने वाले धर्मांधों पर कठोर कार्यवाही करें !

कल देशभर में उत्साह में संपन्न श्रीरामनवमी के दिन अनेक राज्यों में रामनवमी की शोभायात्राओं पर पथराव करते हुए भीषण आक्रमण करने की घटनाएं घटी हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, गोवा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बंगाल आदि अनेक राज्यों में धर्मांध मुसलमानों द्वारा यह आक्रमण किया गया। एक ओर देश में तनाव और सांप्रदायिकता बढने का कारण बताकर हिन्दू संत-धमार्चार्य आदि पर कार्यवाही करने की मांग कम्युनिस्ट, सेक्युलरवादी, आधुनिकतावादी निरंतर करते रहते हैं; परंतु हिन्दुओं के त्योहारों के समय धर्मांधों द्वारा किए गए आक्रमणों के संबंध में ये मंडली सुविधाजनक रूप से मौन साध लेती है। मूर्तिभंजक मुगलों का इतिहास सर्वश्रुत ही है। भारत के लाखों मंदिरों पर मुगलों ने आक्रमण कर उन्हें नष्ट और भ्रष्ट किया है तथा हजारों मंदिरों पर आक्रमण कर उस स्थान पर मस्जिदों का निर्माण किया है। कुछ समय पूर्व ही श्रीरामजन्मभूमी प्रकरण पर सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है।

रामनवमी की शोभायात्राओं पर आक्रमण करनेवाले मूर्तिभंजक मुगलों के ही वंशज! - हिन्दू जनजागृति समिति

श्रीराम मंदिर की नींव भरी जा रही है, उसी समय कुछ धर्मांधों ने रामनवमी निमित्त निकाली जा रही शोभायात्राओं पर देशभर में आक्रमण किए। यह घटना अत्यंत गंभीर है तथा इसे केंद्र सरकार को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। कोई हिन्दुओं के संयम का अंत न देखे । रामनवमी की शोभायात्राओं पर आक्रमण करनेवाले मूर्तिभंजक मुगलों के ही वंशज हैं तथा इस प्रकरण में दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाए, ऐसी मांग हिन्दू जनजागृति समिति ने की है। देशभर में हिन्दुओं के त्योहारों के समय घटनेवाली ये घटनाएं संतापजनक हैं, तब भी किसी भी मेनस्ट्रीम मीडिया में इन घटनाओं के संबंध में विशेष चर्चा होती दिखाई नहीं देती। पिछले सप्ताह ही राजस्थान स्थित करौली में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा निमित्त निकाली गई हिन्दू नववर्षयात्रा पर धर्मांधों ने भीषण आक्रमण किया। वहां के अनेक हिन्दू दुकानदार स्वयं की दुकाने बेचकर जाने की तैयारी में हैं। अर्थात वर्ष 1990 में कश्मीर में हिन्दुओं के साथ जो घटा है, वह भारत में अन्यत्र भी घटने लगा है। इससे पूर्व भी नवरात्रि और अन्य त्योहारों के समय भी ऐसे आक्रमण निरंतर हुए हैं। जे.एन.यू में तो महिषासुर राक्षस की जयंती मनाने से लेकर ह्यभारत तेरे टुकडे होंगे। आदि नारे लगाए जाते हैं; परंतु जय श्रीराम का नारा और रामनवमी की पूजा करना स्वीकार नहीं होता। जे.एन.यू. में कल भी हिंसक घटना हुई है। देशभर में घटनेवाली घटनाओं को देखते हुए यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है, ऐसा ही ध्यान में आता है। अतः मा. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शहाजी से इन घटनाओं की गहन जांच करने की मांग समिति ने की है।

रामनवमी या रावणनवमी ?

इस बार भारत में हमने रामनवमी कैसे मनाई? हमने रामनवमी को रावणनवमी में बदल दिया। देश के कई शहरों और गांवों में एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय से भिड़ गए। यहां तक की जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के छात्र, जिन्हें देश में अत्यंत प्रबुद्ध माना जाता है, वे भी आपस में भिड़ गए। कई शहरों में लाठियां, ईंट और गोलियां भी चलीं। कुछ प्रदर्शनकारी पुलिस की ज्यादती के भी शिकार हुए। यह सब हुआ है, उसके जन्म दिन पर, जिसे अल्लामा इकबाल ने इमामे हिंद कहा है। इकबाल का शेर है- है राम के वजूद पे हिंदोस्तां को नाज। अहले-नजर समझते हैं इसको इमामे हिंद!!

राम को भगवान भी कहा जाता है और मयार्दा पुरुषोत्तम भी। लेकिन राम के नाम पर कौनसी मयार्दा रखी गई? राम को सांप्रदायिकता के कीचड़ में घसीट लिया गया। इसके लिए हमारे देश के वामपंथी और दक्षिणपंथी तथा हिंदू और मुसलमान, दोनों जिम्मेदार हैं। यदि रामनवमी का उत्सव मना रहे पूजा-पाठी छात्र कह रहे हैं कि पूजा-स्थल के तंबू के पास ही छात्रावास में मांस पकाया और खिलाया जा रहा है तो उससे हमें दुर्गंध आती है तो उनका दिल रखते हुए मांसाहार कहीं और भी उस समय करवाया जा सकता था और यदि मांसाहारी छात्र चाहते तो पूजा के घंटे भर पहले या बाद में भी भोजन कर सकते थे लेकिन यह झगड़ा तो न राम से संबंधित था और न ही मांसाहार से! इसके मूल में संकीर्ण राजनीति थी। वामपंथ और दक्षिणपंथ की! मांसाहार का समर्थन करनेवालों में हिंदू छात्र भी थे। हिंदू मांसाहारी तो अपना औचित्य ठहराने के लिए भवभूति के ग्रंथ उत्तरराम चरित्रम, प्रसिद्ध तांत्रिक मत्स्येंद्रनाथ और गोरखनाथ और चार्वाक के मद्यं, मांसं, मीनश्च, मुद्रा, मैथुनमेव च श्लोक तथा उपनिषदों के कई प्रकरणों को भी उद्धृत कर डालते हैं। वे वेदमंत्रों के भी मनमाने अर्थ लगा डालते हैं लेकिन वे वैज्ञानिकों और अर्थशास्त्रियों के उन तथ्यों और तर्कों को मानने के लिए कभी भी तैयार नहीं होते कि मांसाहार स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिए घाटे का सौदा है। इसी तरह कुछ शहरों में मंदिरों और मस्जिदों के आगे भी बम फोड़े गए, पत्थर मारे गए और गोलियां तक चलीं। आप क्या समझते हैं कि यह काम किसी सच्चे ईश्वरभक्त या अल्लाह के बंदे का हो सकता है? बिल्कुल नहीं! यदि कोई सच्चा ईश्वरभक्त या अल्लाह का बंदा है तो उसके लिए ईश्वर और अल्लाह अलग-अलग कैसे हो सकते हैं? वह तो एक ही है। बस, उसकी भक्ति के रुप अलग-अलग हैं। ये रूप देश-काल और परिस्थितियों से तय होते हैं। यदि सारे विश्व में देश-काल और परिस्थितियां एक-जैसी होतीं तो इतने सारे धर्म, मजहब, रिलीजन होते ही नहीं। इस विविधता को धर्मांध लोग नहीं समझ पाते हैं। इसीलिए वे रामनवमी को रावणनवमी बना डालते हैं। किसी शायर ने क्या खूब लिखा हैः

आए दिन होते हैं, मंदिरों-मस्जिद के झगड़े,
दिल में ईंट भरी हैं, लबों पर खुदा होता है।

गर्मियों में पहनें ऐसे कपड़े

मौसम के हिसाब से कपड़ों का चुनाव होता है और सबसे अधिक समस्या गर्मी में होती है, क्योंकि इस मौसम में गलत कपड़ों का चुनाव करने न केवल बीमारी हो सकती है बल्कि इसका असर त्वचा पर भी पड़ता है, इसलिए यह जानना जरूरी है कि इस मौसम में कैसे कपड़े पहनें। मौसम का बदलता मिजाज आपका ड्रेसिंग सेंस भी बदल देता है। गर्मी के आते ही वार्डरोब में रखे मोटे और गर्म कपड़ों की जगह हल्के और ठंडक देने वाले रंगीन कपड़े आ जाते हैं। इस गर्मी में कुछ ऐसा पहनें जिससे आप राहत का अनुभव करने के साथ ही आकर्षक भी लगें। सभी चाहते हैं इस मौसम में हमारी ड्रेस एकदम यूनिक हो, जो सोबर भी लगे और ट्रेंडी भी। गर्मियों में हमेशा ड्रेस के मटेरियल के साथ उसके कलर पर भी ध्यान देना जरूरी है। मौसम में ड्रेसेस हल्के रंगों के होने चाहिए जो आंखों को ठंडक दें। कॉटन मिक्स सिल्क, शिफॉन, लिनन, जॉरजट व हैंडलूम और खादी से बने वस्त्रों को पहनें जो पसीने को सोख लेते हैं। फैशन के लिहाज से देखा जाए तो एक दुबली लड़की पर आड़ी लाईन वाले शॉर्ट कुर्ती व छोटी कद-काठी वाली लड़कियों को आड़ी लाइन वाले कुर्ते खासे फबते हैं। गर्मी से बचने के लिए अधिकतर लड़कियां स्लीवलेस ड्रेस पहनना पसंद करती हैं लेकिन इससे धूप में हाथों की त्वचा जल सकती है। दोपहर में हमेशा ऐसी ड्रेस पहने जो कॉटन और फुल स्लीव्ज की हो। रात को आप चाहें तो स्लीवलेस पहन सकते हैं। कॉटन, शिफान के ड्रेसेस फॉर्मल लुक के लिए पहने जाते हैं जो अच्छे लगते हैं। इस मौसम में लिनन और जॉरजट के लांग स्कर्ट पहनें। कॉटन हेंडलूम व खादी ठंडक पहुंचाने वाले व पसीना सोखने वाले फेब्रिक हैं जिससे आप तपती गर्मी में भी अच्छा महसूस करते हैं। बुजुर्ग महिलाएं सलवार कमीज पहनें। खादी का कुरता स्टाइल से पहने जो ढीला हो उसके साथ ही चूड़ीदार सलवार पहनें। इस मौसम में कली वाले कुरते अनारकली पेटर्न में अलग-अलग प्रिंट के साथ पहने जा सकते हैं।

नहीं जानते होंगे चेरी से जुड़े हेल्थ फायदों के बारे में, डाइट में जरूर करें शामिल

चेरी में पोटेशियम की एक अच्छी मात्रा होती है जो शरीर से अतिरिक्त सोडियम की मात्रा को हटाने में मदद करता है और पोटेशियम और सोडियम दोनों की मात्रा को संतुलित करता है, जो स्वचालित रूप से आपके रक्तचाप के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है।

हर कोई गर्मी के मौसम में रसीले लाल चेरी का आनंद लेना चाहता है। यह लाल फल स्वादिष्ट के साथ-साथ मीठे स्वाद का भी होता है। चेरी को कच्चा भी खाया जा सकता है या इसे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों जैसे कि टार्ट, केक, पाई और चीजकेक में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। चेरी एक कटोरी खाएं या आपके नाश्ते के लिए एक बेहतरीन टॉपिंग होते हैं। लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि इस स्वादिष्ट फल में कई ऐसे गुण हैं जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं। सुपरफूड्स में से यह फल उच्चतम औषधीय मूल्य भी रखता है क्योंकि ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, एक अच्छे एंटी-इंफ्लेमेटरी होते हैं और गाउट को रोकथाम और उपचार में उपयोगी होते हैं।

7 जबरदस्त फायदे

आइए नजर डालते हैं कि चेरी फल के कितने स्वास्थ्य लाभ होते हैं-

1. अनिद्रा से राहत देता है-चेरी में मेलाटोनिन नामक एक हार्मोन होता है जो अच्छी और शांतिपूर्ण नींद प्रदान करता है। यह आपको नींद और जागने के साइकल को नियंत्रित करने और शरीर की इंटरनल क्लॉक को नियंत्रित करने के लिए जाना जाता है।

2. वजन घटाता है

आहार विशेषज्ञों का कहना है यदि आप कुछ वजन कम करने की योजना बना रहे हैं तो अपने आहार में चेरी शामिल करना न भूलें। चेरी में कैलोरी कम होती है, मतलब है कि चेरी के एक कप में 100 से भी कम कैलोरी पायी जाती है। वे विटामिन से समृद्ध होते हैं जो आपके मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया को मजबूत करते हैं, और इसके अंदर मौजूद पानी की मात्रा आपके शरीर से खराब पदार्थों को बाहर निकालती है।

3. उच्च रक्तचाप को कम करता है

आहार विशेषज्ञों का कहना है चेरी में पोटेशियम की एक अच्छी मात्रा होती है जो शरीर से अतिरिक्त सोडियम की मात्रा को हटाने में मदद करता है और पोटेशियम और सोडियम दोनों की मात्रा को संतुलित करता है, जो स्वचालित रूप से आपके रक्तचाप के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है।

4. हृदय रोगों को रोकता है

चेरी में मौजूद एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सिडेंट खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं और फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, जो शरीर के अंदर सूजन का कारण बन सकते हैं। यह हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को भी कम करता है।

5. एंटी एजिंग फूड

चेरी एंटीऑक्सिडेंट में प्रचुर होते हैं और जैसा कि हम जानते हैं कि एंटीऑक्सिडेंट मुक्त कणों से लड़ते हैं जो त्वचा को सुस्त बनाते हैं। इससे आपकी त्वचा जवान और स्वस्थ रहती है। चेरी आपकी त्वचा से काले धब्बों को हटाने में मदद कर सकती है, जो सूरज की क्षति के कारण दिखाई दे सकते हैं। बस कुछ चेरी के फल लीजिये और उन्हें एक चुटकी हल्दी और एक चम्मच शहद के साथ मिलाएं। इस पेस्ट को 10-15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। यह काले धब्बे को कम करता है और आपकी त्वचा को सुन्दर, मुलायम और चमकदार बनाता है।

6. ये मधुमेह से रक्षा करते हैं

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि चेरी का एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण आपके शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसका मतलब है कि ये साइकस को दिमर नहीं करते हैं जो आपके ब्लड शुगर और इंसुलिन के स्तर को प्रभावित करें। यह मधुमेह के खिलाफ सुरक्षा तो प्रदान करता ही है साथ साथ आपके शरीर में फाल से मौजूद डायबिटीज को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण रोल अदा करता है।

7. पीएच संतुलन बनाए रखता है-चेरी प्रकृति में अल्कालाइन होते हैं। जब भी शरीर को अम्लीय सामग्री में वृद्धि होती है, चेरी इसे बेअसर करने और एसिडिटी या अपच जैसी पेट की समस्याओं को रोकने में मदद करते हैं और आपके पीएच स्तर को संतुलित करने में मदद करते हैं।

जरूरत से ज्यादा खाएंगे ड्राई फ्रूट्स तो सेहत को होगा सिर्फ नुकसान

यह तो हर कोई जानता है कि ड्राई फ्रूट्स स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी हैं। यह बेहतर हृदय स्वास्थ्य से लेकर कम कोलेस्ट्रॉल और वजन घटाने जैसे बेमिसाल फायदे पहुंचाते हैं। नट्स प्रोटीन, फाइबर, स्वस्थ वसा, विटामिन, खनिज, और एंटीऑक्सीडेंट से समृद्ध हैं। ये आपकी ऊर्जा को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, और आपको रात को भी पहुंचाते हैं। लेकिन ड्राई फ्रूट्स से होने वाले लाभ आपको तभी मिलते हैं, जब आप सीमित मात्रा में इनका सेवन करें। अगर जरूरत से ज्यादा ड्राई फ्रूट्स का सेवन किया जाता है तो यह आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको जरूरत से ज्यादा ड्राई फ्रूट्स खाने से होने वाले नुकसानों के बारे में बता रहे हैं-

वजन का बढ़ना-डायटीशियन बताते हैं कि नट्स वजन कम करने में बेहद ही मददगार होते हैं। लेकिन यह केवल तभी संभव है, जब आप सही मात्रा में इसे खाएं। अगर आप इसे अधिक खाते हैं तो इससे वजन बढ़ना शुरू हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि यह कैलोरी में घने होते हैं, जिससे इनका अधिक सेवन आपके कैलोरी काउंट को गड़बड़ा सकता है। उदाहरण के तौर पर, 1 औंस बादाम में लगभग 160 कैलोरी होती है और अगर आप इसे दुगुनी मात्रा में खाते हैं तो आपको स्नैक कैलोरी काउंट 320 कैलोरी हो जाता है।

गैस, सूजन और पाचन संबंधी समस्याएं-यदि आपको कभी भी नट्स खाने के बाद गैस या फूला हुआ महसूस होता है, तो यह एक संकेत है कि आप आवश्यकता से अधिक नट्स का सेवन कर रहे हैं। यह नट्स ओवरईटिंग का एक आम दुष्प्रभाव है। दरअसल, नट फाइटेट्स और टैनिन नामक कंपाउंड पाया जाता है, जो उन्हें पचाने में मुश्किल बनाते हैं। इतना ही नहीं, नट्स में प्रचुर मात्रा में फाइबर भी पाया जाता है, जिसके कारण आपके पेट में दर्द की समस्या भी हो सकती है।

टॉक्सिटी का बढ़ना-हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, कुछ विशेष नट्स का अधिक मात्रा में सेवन करने से भी नुकसान निकलता ही सकता है। बादाम, काजू जैसे नट्स का सेवन करते समय एक अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि इनका ओवरईटिंग के कई दुष्प्रभाव होते हैं। बादाम में साइनोजेनिक एसिड होता है, जो सांस लेने की समस्या, नर्वस ब्रेकडाउन और कुछ पैदा कर सकता है। वहीं काजू जैसे नट का अधिक सेवन करने से सायनिक सेलेनियम की अधिकता हो सकता है।

एवोकाडो के अचूक फायदों से हो जाओगे हैरान, डाइट में जरूर करें शामिल

एवोकाडो फ्रूट सलाद के स्वाद को बढ़ाने का काम करता है। फाइबर से भरपूर यह फल, आपकी भूख को शांत करता है और आपकी कैलोरी को कम करता है। आप सलाद में अंडे, चिकन और फिश के साथ इसका सेवन कर सकते हैं।

सुपर फ्रूट माने जाने वाला एवोकाडो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा और पौष्टिक फलों में से एक है। यह सभी महत्वपूर्ण विटामिन और खनिजों से भरा हुआ है। एवोकाडो में विटामिन ए, बी, ई, फाइबर, हाई फैटी एसिड, पोटैशियम, मैग्नीशियम, मिनरल्स और प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मददगार है। आपको बता दें कि ये वजन घटाने में मदद करता है, पाचन में सुधार करता है, कोलेस्ट्रॉल कम करता है

। लोग इसका सेवन कई तरह से करते हैं जैसे की ब्रेड टोस्ट, सूप, सैंडविच, स्मूदी, ड्रिंक्स या फिर अलग डिश में डालकर। ये नाश्ते के लिए बहुत ही अच्छा भोजन है और इसे अलग-अलग सलाद बनाने के लिए भी इस्तेमाल में लाया जाता है।

इसे भी पढ़ें- नहीं जानते होंगे चेरी से जुड़े हेल्थ फायदों के बारे में, डाइट में जरूर करें शामिल

चलिए जान लेते हैं एवोकाडो फल के अचूक लाभ के बारे में-

एवोकाडो के फायदे

- एवोकाडो में मौजूद फाइबर और मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (एमयूएफए), बढ़े हुए वजन को घटाने में काफी मददगार है।

इस सुपर फ्रूट में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण मौजूद होता है, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए सहायक है।

- यह घातक बीमारी जैसे कैंसर के जोखिम को कम करता है।

इसमें मौजूद फाइबर आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देने का काम करता है, जो पाचन में सहायक होते हैं।

एवोकाडो फैटी लिवर की समस्या से राहत दिलाने में भी मदद करता है।

तो अब हम आपको बताते हैं की किन तरीकों से आप सेहतमंद एवोकाडो को अपने डाइट में शामिल कर सकते हैं

1. सलाद के साथ-

एवोकाडो फ्रूट सलाद के स्वाद को बढ़ाने का काम करता है। फाइबर से भरपूर यह फल, आपकी भूख को शांत करता है और आपकी कैलोरी को कम करता है। आप सलाद में अंडे, चिकन और फिश के साथ इसका सेवन कर सकते हैं।

2. टोस्ट के साथ

आप ब्रेड टोस्ट में जैम व बटर की जगह एवोकाडो को लगाकर खा सकते हैं। आप एवोकाडो से गुआकामोले डिप भी तैयार कर सकते हैं। इसे क्रंच एवोकाडो में मिर्च और टमाटर जैसी चीजें मिलाकर बनाते हैं। आप चाहें तो रोटी या ब्रेड में लगाकर या दिप जैसे खा सकते हैं।

जानें बच्चों में हर्निया होने के पीछे का असल कारण, कैसे करें इसका उपचार

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, नवजात शिशुओं में सबसे आम है लेकिन जन्म के बाद कई हफ्तों या महीनों तक अक्सर इस पर ध्यान नहीं जाता। अगर आपके बच्चे को वंक्षण हर्निया होता है, तो आप आमतौर पर आप कमर या अंडकोष में एक उभार देख सकते हैं।

हर्निया तब होता है जब शरीर के किसी अंग या ऊतक का हिस्सा किसी मांसपेशी की दीवार को पार करता है। यह एक ऐसे स्थान पर पहुंच सकता है जहाँ वह नहीं है। यह एक उभार या गांठ का कारण बनता है। बच्चों में हर्निया की समस्या बेहद आम है और इसके इलाज के लिए अक्सर सर्जरी का सहारा लिया जाता है। वैसे तो हर्निया के कई प्रकार होते हैं, लेकिन बच्चों में वंक्षण हर्निया अर्थात इंगुइनल हर्निया पाया जाता है। तो चलिए आज हम आपको इसके पीछे के कारण व उपचार के तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

जानिए कारण

चाइल्ड केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि एक हर्निया बच्चे के जन्म के बाद पहले कुछ महीनों में विकसित हो सकता है। यह पेट की मांसपेशियों में कमजोरी के कारण होता है। स्ट्रेनिंग और रोना हर्निया का कारण नहीं है, जैसा कि आमतौर पर माना जाता है। लेकिन रोने से पेट पर अतिरिक्त प्रेशर पड़ता है, जिससे हर्निया मामलों पर असर आता है।

ऐसे करें पहचान

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, नवजात शिशुओं में सबसे आम है लेकिन जन्म के बाद कई हफ्तों या महीनों तक अक्सर इस पर ध्यान नहीं जाता। अगर आपके बच्चे को वंक्षण हर्निया होता है, तो आप आमतौर पर आप कमर या अंडकोष में एक उभार देख सकते हैं। उभार आम तौर पर आएगा और जाएगा। आपके बच्चे के रोने के बाद यह बड़ा हो सकता है। रात के दौरान यह छोटा हो सकता है क्योंकि इस दौरान आपका बच्चा आराम कर रहा है।

इलाज

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि वंक्षण हर्निया को ठीक करने के लिए सर्जरी को आवश्यकता होती है। सर्जरी लक्षणों को गंभीरता और हर्निया के प्रकार पर मुख्य रूप से निर्भर करती है।

हर्निया रिपेयर सर्जरी में एक छोटा चीरा प्रभावित पेट के आगे के पास बनाया जाता है और हर्निया की सामग्री को पेट में वापस धकेल दिया जाता है। यही लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में पेट में छोटे कटआउट किए जाते हैं और फिर उपचार किया जाता है। हर्निया सर्जरी में आमतौर पर 10 से लेकर एक घंटे तक का समय लग सकता है।

वजन को कंट्रोल करने में आपकी मदद करे जुकिनी, जानिए इसके फायदे

जुकिनी न सिर्फ हाई बीपी से बचाती है, बल्कि जिन लोगों को बीपी की समस्या है उनमें इसे गंभीर होने से भी बचाती है। दरअसल, इसमें पोटैशियम की भरपूर मात्रा होती है और पोटैशियम हमारी रक्त वाहिकाओं को साफ और चौड़ा बनाने का काम करती है। जिससे शरीर में रक्त प्रवाह सुचारू रूप से होता रहता है।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, जुकिनी में चूंकि फाइबर की मात्रा अधिक होती है तो इसे खाने के बाद देर तक पेट भरा रहता है जिससे आप बेकार की चीजें खाने से बच जाते है।

जुकिनी का नाम तो आपने बहुत सुना होगा, लेकिन शायद आप भी इसे कोई विदेशी सब्जी ही समझते होंगे। तो हम आपको बता दें कि यह तोरी, तुरई या नेनुआ ही है। हां, अलग अलग जगहों पर इसके रंग और प्रकार में भिन्नता होती है। जुकिनी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। तो आइए, जानते हैं इसके स्वास्थ्य लाभ।

पाचन तंत्र ठीक रखने में मददगार

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो फाइबर से भरपूर जुकिनी खाने से आपका पाचन बिल्कुल दुरुस्त रहता है। जिन लोगों को गैस, अपच, खट्टी डकार आदि की समस्या होती है उन्हें जुकिनी अवश्य खाना चाहिए। इसकी सब्जी को बिना मसाले के बनाकर खाना ज्यादा फायदेमंद होगा है।

इसे भी पढ़ें- हरे सेब का जूस है डायबिटीज मरीज के लिए फायदेमंद, जानिए इसके और गुण

कोलेस्ट्रॉल को करें कंट्रोल

बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के लिए हमारा खान-पान ही जिम्मेदार होता है। ऐसे में सेल्फ चीजें खाकर आप इसे कंट्रोल कर सकते हैं। जुकिनी कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है क्योंकि इसमें हाई सोल्यूबल फाइबर होते हैं, जो बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

हड्डियों को मजबूत बनाता है

जुकिनी में एंटीऑक्सीडेंट्स, मैग्नीशियम और विटामिन-के भरपूर मात्रा में होता है। हड्डियों को मजबूत बनाने में मैग्नीशियम और विटामिन के की अहम भूमिका होती है। साथ ही यह हमारी मांसपेशियों को भी कमजोर होने से बचाता है।

त्वचा को जवां बनाए रखेगी

जुकिनी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होता है, जो बढ़ती उम्र के कारण होने वाले दाग-धब्बे और फाइन लाइन्स के असर को कम करके समय से पहले त्वचा पर उम्र के निशां नजर नहीं आने देता। यह झुर्रियों को रोकने में भी मददगार है।

डायबिटीज से बचाव

जुकिनी में स्टार्च की मात्रा बहुत ही कम होती है और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। इसलिए रोजाना जुकिनी का सेवन करने से टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम हो जाता है।

हाई बीपी में फायदेमंद

जुकिनी न सिर्फ हाई बीपी से बचाती है, बल्कि जिन लोगों को बीपी की समस्या है उनमें इसे गंभीर होने से भी बचाती है। दरअसल, इसमें पोटैशियम की भरपूर मात्रा होती है और पोटैशियम हमारी रक्त वाहिकाओं को साफ और चौड़ा बनाने का काम करती है। जिससे शरीर में रक्त प्रवाह सुचारू रूप से होता रहता है।

मोटापा कम करने में सहायक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, जुकिनी में चूंकि फाइबर की मात्रा अधिक होती है तो इसे खाने के बाद देर तक पेट भरा रहता है जिससे आप बेकार की चीजें खाने से बच जाते है और शरीर को एनर्जी भी मिलती रहती है। यह शरीर में अतिरिक्त चर्बी जमा नहीं होने देती।

आंखों के लिए लाभदायक

विशेषज्ञों के मुताबिक, जुकिनी में विटामिन ए भरपूर मात्रा में होता है जो आंखों को रूखेपन और फ्रीकल्स से बचाने में मदद करता है।

जुकिनी के नुकसान

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक जुकिनी वैसे तो बहुत सेहतमंद होती है, लेकिन इसके कुछ नुकसान भी है।

जुकिनी का ज्यादा सेवन करने पर कुछ लोगों को पेट दर्द और पेट में फूलने की समस्या हो सकती है।

- जुकिनी में फाइबर अधिक मात्रा में होता है जिसको जरूरत से अधिक मात्रा में खाने पर दस्त हो सकता है।

- जुकिनी के सेवन से कुछ लोगों को एलर्जी की भी शिकायत हो सकती है।

जोगी रे जोगी चार भाषाओं में रिलीज होगा

मुंबई (वार्ता)। टाइम आडियो का भक्तिमय गीत जोगी रे जोगी चार भाषाओं में रिलीज होगा। टाइम आडियो ने फिल्म जगत के साथ साथ अब भोजपुरी संगीत जगत में भी कदम रख दिया हैं और इसकी शुरुआत उन्होंने एक भक्तिमय गीत जोगी रे जोगी से की है। जोगी रे जोगी पहला ऐसा भक्ति गीत है जो एक साथ चार भाषा मे रिलीज होगा । इस गीत की शूटिंग भव्य तरीके से आध्यात्मिक नगरी काशी के विभिन्न घाट एवं खूबसूरत लोकेशन पर की गई है। जोगी रे जोगी का निर्माण टाइम आडियो के बैनर तले प्रवीण शाह, सगुन बाघ, विरल शाह और जीत बाघ ने किया है। जोगी रे जोगी को आरआरआर और बाहुबली जैसी फिल्मों के कोरियोग्राफर शंकर निर्देशित ने किया है। इस गीत को हिंदी, भोजपुरी, मराठी और बंगला भाषा में फिल्माया गया है और यह दुनिया का पहला भक्ति गीत है जो एक साथ चार भाषाओं में शूट और रिलीज किया जा रहा है। इसके संगीतकार कुमारजीत सरकार हैं। हिंदी और बंगला में कुमारजीत सरकार ने इसे गाया है और वह बंगला भाषा के वीडियो में गीत पर परफार्म करते भी नजर आएंगे। बालीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने माने कलाकार रजत बेदी हिंदी गाने में जोगी की भूमिका में दिख रहे हैं। मराठी में इसे अतुल काले ने गाया है।

गीत की शूटिंग भव्य तरीके से आध्यात्मिक नगरी काशी के विभिन्न घाट एवं खूबसूरत लोकेशन पर की गई है

कोविड होने पर मधुमेह होने की आशंका अधिक

■ आक्सफोर्ड (द कन्वरसेशन)।

से लोग जिन्हें कोविड हुआ था, उनमें मधुमेह विकसित हो गया है। लेकिन मधुमेह वैसे भी आम बीमारी है और कोविड के साथ भी ऐसा ही है, इसलिए जरूरी नहीं है कि एक के होने से दूसरा भी हो जाता है। सवाल यह है कि क्या जिन लोगों को कोविड हुआ है, उनमें मधुमेह विकसित होने की संभावना उन लोगों की तुलना में अधिक है जिन्हें नहीं हुआ है। हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि कोविड होने और मधुमेह होने के बीच एक संबंध है। 18 वर्ष से कम आयु के 500,000 से अधिक लोगों, जिन्हें कोविड हुआ था, के रिकार्ड के आधार पर अमेरिकी डेटा में पाया गया कि इन युवा लोगों को उनके संक्रमण के बाद मधुमेह होने की संभावना थी, उन लोगों की तुलना में जिन्हें कोविड नहीं हुआ था और जिन्हें महामारी से पहले अन्य श्वसन संक्रमण था। वृद्ध आयु के लोगों के एक वर्ग पर किए गए एक अन्य अमेरिकी अध्ययन में 40 लाख से अधिक रोगियों के विश्लेषण में समान पैटर्न मिला। इस मामले में, मधुमेह के अधिकांश मामले टाइप 2 थे। 80 लाख से अधिक रोगियों के मेडिकल रिकार्ड पर आधारित एक जर्मन अध्ययन में फिर से पाया गया कि जिन लोगों को कोविड था, उनमें बाद में टाइप 2 मधुमेह होने की संभावना अधिक थी।

तो कोविड कैसे मधुमेह का कारण बन सकता है?

कोविड कैसे मधुमेह का कारण हो सकता है, इसके बारे में कई प्रशंसनीय सिद्धांत हैं, लेकिन कोई भी सिद्ध नहीं हुआ है। एक संभावना यह है कि वायरस के कारण होने वाला प्रदाह इंसुलिन प्रतिरोध का कारण हो सकता है, जो कि टाइप 2 मधुमेह की एक विशेषता है। एक अन्य संभावना एसीई2 से संबंधित है, जो कोशिकाओं की सतह पर पाया जाने वाला एक प्रोटीन है, जो सार्स-कोव-2 (वायरस जो कोविड-19 का कारण बनता है) से जुड़ा है। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि कोरोनावायरस एसीई2 के माध्यम से इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं में प्रवेश कर सकता है और उन्हें संक्रमित कर सकता है, जिससे कोशिकाएं मर सकती हैं या उनके काम करने का तरीका बदल सकता है। इसका मतलब यह हो सकता है कि लोग पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में सक्षम नहीं रह जाते हैं, जिससे मधुमेह हो सकता है। टाइप 1 मधुमेह में प्रतिरक्षा प्रणाली इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं पर हमला करती है, लेकिन हम नहीं जानते कि क्यों। एक सिद्धांत यह है कि प्रतिरक्षा प्रणाली किसी और चीज से ट्रिगर होती है जैसे एक वायरस और फिर गलती से इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं पर भी हमला कर देती है। यह हो सकता है कि कोविड कुछ लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली को ऐसा करने के लिए प्रेरित कर रहा हो।

इतना शीघ्र नहीं : सिर्फ इसलिए कि ऐसा लगता है कि जिन लोगों को कोविड हुआ है, उनमें मधुमेह होने की संभावना अधिक होती है और इसे समझाने के लिए पर्याप्त सिद्धांत हैं, फिर भी इसका मतलब यह नहीं है कि कोविड मधुमेह का कारण बनता है। यह हो सकता है कि कोविड रक्त शर्करा में अस्थायी रूप से वृद्धि कर रहा हो, जो समय के साथ ठीक हो जाए। कोविड के साथ अस्पताल में भर्ती होने के दौरान मधुमेह से पीड़ित 594 लोगों के एक अमेरिकी अध्ययन में पाया गया कि रक्त शर्करा का स्तर अक्सर अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद बिना इलाज के सामान्य हो जाता है। यदि आपको संदेह है कि आपको या परिवार के किसी सदस्य को मधुमेह हो सकता है, तो चिकित्सकीय सहायता लेने में देर न करें।

हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि कोविड होने और मधुमेह होने के बीच एक संबंध है। 18 वर्ष से कम आयु के 500,000 से अधिक लोगों, जिन्हें कोविड हुआ था, के रिकार्ड के आधार पर अमेरिकी डेटा में पाया गया कि इन युवा लोगों को उनके संक्रमण के बाद मधुमेह होने की संभावना थी, उन लोगों की तुलना में जिन्हें कोविड नहीं हुआ था और जिन्हें महामारी से पहले अन्य श्वसन संक्रमण था

क्या है मधुमेह

मधुमेह विभिन्न प्रकार के होते हैं। इन सभी में जो समानता है वह यह है कि वे हार्मोन इंसुलिन के उत्पादन या प्रतिक्रिया करने के लिए शरीर की क्षमता को प्रभावित करते हैं। इंसुलिन हमारे रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करता है, इसलिए यदि हम इसका पर्याप्त उत्पादन नहीं करते हैं, या यह ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो हमारी रक्त शर्करा बढ़ जाती है। अब तक का सबसे आम प्रकार का मधुमेह टाइप 2 मधुमेह है। टाइप 2 मधुमेह वाले लोग अभी भी इंसुलिन का उत्पादन कर रहे होते हैं, लेकिन उनके शरीर में इंसुलिन ठीक से काम नहीं कर रहा होता है। उपचार अलग-अलग होते हैं और इसमें दवा, आहार में बदलाव और शारीरिक गतिविधि में वृद्धि शामिल है। मधुमेह का दूसरा सबसे आम प्रकार मधुमेह टाइप 1 है। टाइप 1 मधुमेह अक्सर, लेकिन हमेशा नहीं, बचपन या किशोरावस्था में आता है। मुझे दस साल की उम्र में इसके होने के बारे में पता चला था। टाइप 1 मधुमेह में शरीर इंसुलिन का उत्पादन पूरी तरह से बंद कर देता है। टाइप 1 मधुमेह वाले लोगों को अपने शेष जीवन के लिए इंसुलिन के इंजेक्शन या इंफ्यूजन लेने की आवश्यकता होती है।

मामूली कोरोना भी पुरुषों की प्रजनन क्षमता करता है प्रभावित

नई दिल्ली (भाषा)। मामूली या मध्यम स्तर का कोरोना वायरस संक्रमण भी पुरुष प्रजनन प्रणाली संबंधी प्रोटीन के स्तर में बदलाव कर सकता है, जिससे उनकी प्रजनन क्षमता प्रभावित हो सकती है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के अनुसंधानकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए एक छोटे से अध्ययन में यह दावा किया गया है। पत्रिका 'एसीएस ओमेगा' में पिछले सप्ताह प्रकाशित अनुसंधान में कोविड-19 से उबर चुके पुरुषों के वीर्य में प्रोटीन के स्तर का विश्लेषण किया गया। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, कोविड-19 के लिए जिम्मेदार सार्स-सीओवी-2 वायरस मुख्य रूप से श्वास प्रणाली को प्रभावित करता है, लेकिन यह वायरस और उसके प्रति शरीर की प्रतिक्रिया अन्य उत्तकों को भी नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि हाल के अध्ययन से इस बात का संकेत मिला है कि कोविड-19 पुरुषों की प्रजनन क्षमता को कम कर सकता है और यह वायरस पुरुष प्रजनन अंगों में पाया गया है। इस अनुसंधान में मुंबई स्थित जसलोक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसंधानकर्ताओं ने भी भाग लिया। अनुसंधानकर्ताओं के दल ने यह पता लगाना चाहा कि कोविड-19 का पुरुष प्रजनन प्रणाली पर क्या कोई दीर्घकालिक प्रभाव हो सकता है। उन्होंने 10 स्वस्थ पुरुषों के वीर्य में प्रोटीन के स्तर और हल्के या मध्यम कोरोना वायरस संक्रमण से हाल में उबरे17 पुरुषों के वीर्य में प्रोटीन के स्तर की तुलना की। इन सभी पुरुषों की आयु 20 से 45 वर्ष थी और उनमें से पहले कोई प्रजनन क्षमता के अभाव की समस्या से पीड़ित नहीं रहा। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कभी संक्रमित नहीं हुए पुरुषों की तुलना में कोविड-19 से उबरे पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या काफी कमी आई और उनमें सामान्य आकार के शुक्राणु कम थे। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कोविड-19 से उबरे पुरुषों के वीर्य में प्रोटीन के स्तर में भी बदलाव देखा गया।

'धर्म योद्धा गरुड़' में भगवान शनि की भूमिका निभाएंगे अंकित गुलाटी

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेता अंकित गुलाटी, जिन्हें पहले 'मेहंदी है रखने वाली' में देखा गया था, अब भगवान शनि की भूमिका निभाने के लिए पौराणिक शो 'धर्म योद्धा गरुड़' के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। वे कहते हैं, मैं भगवान शनि की ऐसी दिलचस्प भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हूं। जैसा कि हमारी पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिक मान्यताओं में भगवान का बहुत महत्व है। इसी तरह गरुड़ की कहानी में मेरी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में भूमिका निभाते हुए भगवान शनि के बारे में अनुभव करने और सीखने के लिए उत्सुक हूं। यह भूमिका मेरे लिए उनके फालोअर्स को प्रभावित करने और उनके दिलों में जगह बनाने के लिए बहुत सारी जिम्मेदारी भी लाती है। एक अभिनेता के रूप में मैं काम करने जा रहा हूं। इसके लिए कड़ी मेहनत की और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अंकित इससे पहले 'कर्मफल दाता शनि' और 'राधाकृष्ण' जैसे पौराणिक शो का हिस्सा रह चुके हैं। उनका मानना है कि पौराणिक नाटक के लिए अभिनय करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। वह आगे कहते हैं, फैंटेसी नाटक की तुलना में, मुझे लगता है कि पौराणिक नाटक अभिनेताओं के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण होते हैं। क्योंकि ऐसे शो में हमें वास्तव में अभिनय करने की जरूरत होती है, किसी ऐसे व्यक्ति को चित्रित करना, जिसके साथ दर्शकों का पहले से ही परिचय हो और वे हमें जज कर सकें। अगर वे हमें संबंधित करने में विफल रहते हैं।

22 अप्रैल को रिलीज होगी 'जर्सी'

मुंबई (वार्ता)। शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म जर्सी 14 अप्रैल, 2022 को रिलीज होने वाली थी। जर्सी की रिलीज डेट को एक बार फिर से टाल दिया गया है। अब यह फिल्म 22 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म जर्सी की रिलीज को पोसपोन करने के बारे में बताते हुए निर्माता अमन गिल ने कहा, एक टीम के रूप में हमने जर्सी में अपना खून-पसीना और आंसू बहाए हैं। हम चाहेंगे कि हमारी प्यारी फिल्म आप सभी तक पहुंचे। इसी लिए अब जर्सी 22 अप्रैल, 2022 को रिलीज होगी। गौरतलब है कि गौतम तिन्ननुरी के निर्देशित फिल्म जर्सी में शाहिद कपूर दो अलग-अलग लुक में नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी एक असफल क्रिकेटर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद के साथ अपने तीन दशक के बाद क्रिकेट में वापसी करने का फैसला लेता है और अपने बेटे की इच्छा को पूरा करने के लिए उसको जर्सी गिफ्ट करता है। फिल्म 'जर्सी' फिल्म इसी नाम की तमिल स्पोर्टस ड्रामा फिल्म का रीमेक है।

'तुलसीदास जूनियर' में नजर आएंगे संजय दत्त और राजीव कपूर

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड के माचो हीरो संजय दत्त और दिवंगत अभिनेता राजीव कपूर की जोड़ी फिल्म 'तुलसीदास जूनियर' में नजर आएगी। आशुतोष गोवारिकर और निर्माता भूषण कुमार फिल्म तुलसीदास जूनियर के लिए एक साथ आए हैं। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में दिवंगत राजीव कपूर और संजय दत्त की जोड़ी नजर आएगी। निर्माता आशुतोष गोवारिकर ने कहा, राजीव और संजय दोनों का एक प्रतिष्ठित वंश है,जिनके माता-पिता 50 और 60 के दशक के दिग्गज सितारों थे। हालांकि दोनों ही कलाकार अपने शुरुवाती फिल्मों में एक साथ नजर नहीं आए थे। इस स्क्रिप्ट ने हमें उन्हें एक साथ लाने की अनुमति दी और शुक्र है कि दोनों ने हामी भरी। गुलशन कुमार और टी सीरीज प्रस्तुत और आशुतोष गोवारिकर प्रोडक्शन की फिल्म तुलसीदास जूनियर को मृदुल ने लिखा और निर्देशित किया है। यह फिल्म 19 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी।

47 साल की उम्र में भी जवान दिखती हैं बॉलीवुड की ये हसीना, स्विमसूट पहनकर पूल किनारे चिल करती आयीं नजर

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में शुमार करिश्मा कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री अपनी फोटोज और वीडियो को शेयर करके अपने चाहने वालों का दिल बहलाती रहती हैं। सोमवार को अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की। वीडियो में अभिनेत्री का हॉट अवतार देखकर उनके फैंस दंग रह गए। अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने सोशल मीडिया पर अपना जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह ब्लू कलर का स्विमसूट पहनकर पूल किनारें समय बिताती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में करिश्मा कपूर काफी हॉट और 47 साल की उम्र में भी अभिनेत्री ने खुद का फिगर काफी मैंटेन किया हुआ है। छह घंटे पहले शेयर हुई इस वीडियो को अबतक 60 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। कमेंट सेक्शन में लोग अभिनेत्री के हॉट लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट में लिखा, "हॉटनेस की रानी।" एक अन्य ने कमेंट किया, "ब्यूटी क्वीन।" बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत फिल्म प्रेम कैदी से की थी। अभिनेत्री कई बॉलीवुड फिल्मों नजर आयी पर उन्हें कुछ खास सफलता नहीं मिली। साल 1996 में अभिनेता आमिर खान स्टारर फिल्म 'राजा हिंदुस्तानी' में करिश्मा मुख्य भूमिका में नजर आयी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म की सफलता करिश्मा कपूर के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। इस फिल्म ने करिश्मा को बॉलीवुड की एक प्रमुख अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया। आखिरी बाद करिश्मा कपूर वेब सीरीज मेंटलहुड में नजर आयी थीं।

टाइगर का अंग्रेजी पाप ट्रैक रिलीज करेंगे भगनानी

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेता-निर्माता जैकी भगनानी नई संगीत प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ अपने वेंचर जेजस्ट म्यूजिक के जरिए रणनीतिक साझेदारी की है। उनकी पहली रिलीज बालीवुड एक्शन स्टार टाइगर श्राफ का अंग्रेजी पाप ट्रैक होगा। जैकी भगनानी ने कहा, जेजस्ट म्यूजिक संगीत कंटेंट बनाने और स्वतंत्र भारतीय कलाकारों को एक मंच प्रदान करने की महत्वाकांक्षा से हुआ है, जबकि हमारे अनुभव, विशेषज्ञता और संसाधनों के साथ उनका समर्थन किया गया। मैं वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ इस अनूठे सहयोग के माध्यम से भारतीय संगीत के लिए अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए रोमांचित हूं। उन्होंने कहा, भारतीय संगीत और कलाकारों को अंतर्राष्ट्रीय संगीत के समान प्रदर्शन, समर्थन और अवसर प्रदान करते हुए यह सहयोग आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा और हमारे रोस्टर पर कलाकारों द्वारा बनाए गए संगीत की गुणवत्ता को बढ़ाएगा। एसोसिएशन वार्नर म्यूजिक इंडिया को बालीवुड की मशहूर रिलीज में अपना पहला प्रवेश करते हुए देखेगा, जबकि जेजस्ट म्यूजिक के कलाकारों को वार्नर म्यूजिक के वैश्विक नेटवर्क से जुड़ने से फायदा होगा। वार्नर म्यूजिक इंडिया और सार्क के प्रबंध निदेशक जय मेहता ने साझा किया, हम जैकी भगनानी और जेजस्ट म्यूजिक के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। यह सहयोग हमें कई क्षेत्रों में समर्थन की पेशकश करके हमारे कलाकारों के करियर में आगे बढ़ने में मदद करेगा। हम बालीवुड के परिदृश्य में आने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन गैर-फिल्मी संगीत का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली और दिलचस्प कलाकारों को एक मंच देने के लिए उत्सुक हैं।

अमिताभ को ध्यान में रखकर 'रनवे 34' बनाई : अजय

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन का कहना है उन्होंने अमिताभ बच्चन को ध्यान में रखकर फिल्म 'रनवे 34' बनाई है। अजय देवगन ने बताया है कि वह पहले फिल्म रनवे 34 में निर्देशक के रूप में आए और फिर उन्होंने इसमें अभिनय करने का फैसला लिया। अजय देवगन ने कहा, फिल्म रनवे 34 में यदि अमिताभ बच्चन नहीं होते तो शायद मैं यह फिल्म नहीं बनाता। फिल्म में अमिताभ के किरदार के बारे में मैंने सोचा था कि इसे और कोई नहीं कर सकता, क्योंकि इसमें दो लोगों की कांटे की टक्कर है। यह जो टक्कर है, वो बहुत सालिड होनी चाहिए। उसके लिए अमित जी ही चाहिए थे। मैंने जब अमित जी से बात की, तब उन्होंने फिल्म करने के लिए हां कह दिया। यदिअमित जी नहीं होते, तब शायद मैं इस फिल्म को नहीं बना पाता। गौरतलब है कि फिल्म 'रनवे 34' में अजय देवगन, अमिताभ बच्चन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म मे अजय एक कामर्शियल पायलट के रोल में हैं और वह 35 हजार फीट की ऊंचाई में खराब मौसम के बीच फ्लाइट के पैसेंजर्स की जान बचा रहे होते हैं। रकुल प्रीत सिंह एक महिला पायलट के रोल में हैं। वही अमिताभ बच्चन एक सीनियर आफिसर के रोल में हैं। यह फिल्म ईद के मौके पर 29 अप्रैल 2022 को रिलीज होगी।

'बवाल' की शूटिंग हुई शुरू

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने लखनऊ में फिल्म 'बवाल' की शूटिंग शुरू कर दी है। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म बवाल की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म के फ्लोर पर आने की जानकारी फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी की पत्नी अश्विनी अय्यर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर साझा कर दी है। इस मुहूर्त शाट के झलक साझा कर उन्होंने लिखा, बवाल हैप्पीनेस शुरू होती है। साजिद सर की जोशीली मुस्कान और वर्दा खान

नाडियाडवाला की याद आ रही है। क्योंकि शूटिंग शानदार इंसान और अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के साथ शुरू हो चुकी है। वरुण और जाह्नवी कपूर का आभार। गौरतबल है कि साजिद नाडियाडवाला निर्मित और नितेश तिवारी निर्देशित 'बवाल' 07 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी में इन खास मेहमानों को बुलाया गया, दो बड़ी रिसेप्शन पार्टी करेगा कपल

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी बी-टाउन में सबसे चर्चित इवेंट्स में से एक है। 13 से 17 अप्रैल के बीच शादी के फंक्शन होंगे और उसके बाद आलिया और रणबीर अपने इंडस्ट्री के दोस्तों के लिए एक नहीं बल्कि दो भव्य रिसेप्शन की मेजबानी करेंगे। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर 15 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधेंगे। उनकी प्री-वेडिंग सेरेमनी 13 अप्रैल से शुरू होगी। रणबीर और आलिया क्रमश 16 और 17 अप्रैल को अपने उद्योग मित्रों के लिए दो भव्य शादी के रिसेप्शन की मेजबानी करेंगे। रिसेप्शन की जगह है ताज कोलाबा। सूत्रों ने खुलासा किया है कि ताज में चुनिंदा मेहमानों के लिए कमरे पहले ही बुक किए जा चुके हैं। होटल की एक पूरी मंजिल को रणबीर कपूर और आलिया के रिसेप्शन के लिए बुक कर लिया गयै है। किसी भी बाहरी इंसान की वहां एंट्री नहीं होगी। दरअसल, चर्चा यह है कि इस रिसेप्शन में बॉलीवुड के गणमान्य व्यक्ति और इंडस्ट्री के कलाकार शामिल होंगे। सूत्रों ने खुलासा किया है कि रिसेप्शन में शाहरुख खान से लेकर दीपिका पादुकोण तक सभी को इनवाइट किया गया है। खानपान ताज द्वारा किया जाएगा और व्यापक भोजन मेनू में भारतीय और मुगलई व्यंजनों के साथ विभिन्न प्रकार के विदेशी व्यंजन शामिल होंगे। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट 16 और 17 अप्रैल को अपने उद्योग के साथियों के लिए दो भव्य शादी के रिसेप्शन की मेजबानी करेंगे। एक सूत्र ने साझा किया, रणबीर और आलिया की शादी का रिसेप्शन एक भव्य समारोह होगा। शाहरुख खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, संजय लीला भंसाली, आदित्य चोपड़ा, अयान मुखर्जी, आदित्य रॉय कपूर, अर्जुन कपूर, करण जौहर जैसी बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुई हैं। इस सभी को रणबीर और आलिया के रिसेप्शन में इनवाइट किया है।

यूएई और ऑस्ट्रेलिया ने भारत से किया मुक्त व्यापार समझौता, ईयू ने भी शुरू किए प्रयास

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत की अहमियत दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ अपने कारोबारी रिश्ते बढ़ाना चाहता है। पिछले दो महीनों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है। ऑस्ट्रेलिया के साथ 10 साल की मेहनत के बाद एफटीए हुआ है। यूरोपियन यूनियन भी भारत के साथ एफटीए के लिए बातचीत आगे बढ़ा रहा है। दोनों पक्षों के बीच 2013 से बातचीत अटकी पड़ी है। भारत और ईयू के बीच एफटीए के मुद्दे पर इस साल तीन दौर की बातचीत होनी है। इसमें दोनों पक्षों के बीच व्यापक डील के लिए बेसिक फ्रेमवर्क्स तैयार किया जाएगा। जानकारों के मुताबिक भारत और ईयू अगले पांच साल में अपने द्विपक्षीय व्यापार को 220 अरब डॉलर से ऊपर पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। भारतीय प्रोफेशनलों के मूवमेंट और यूरोपियन फार्म प्रॉड्यूस पर भारत में ज्यादा टैरिफ लगने के मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच 2013 में बातचीत रुक गई थी। ब्रिटेन भी भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता में तेजी लाना चाहता है। उसके साथ भी इस साल अलग से औपचारिक बातचीत हो

सकती है। ईयू से बाहर होने के बाद ब्रिटेन भारत के साथ जल्दी से जल्दी ट्रेड एग्रीमेंट करना चाहता है। भारत और अमेरिका के संबंधों में व्यापार एक प्रमुख चुनौती है। लेकिन दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर गहरे मतभेद हैं। यही वजह है कि एफटीए को लेकर फिलहाल दोनों देशों में बात बनती नहीं दिख रही है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने दो अप्रैल को इकनॉमिक कोऑपरेशन एंड ट्रेड एग्रीमेंट (ईसीटीए) पर साइन किया था। तब वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल, गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल और ईयू के साथ एफटीए को लेकर बातचीत हो रही है। ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए के बाद ईयू और ब्रिटेन को भी भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर आस जगी है। कोरोना काल में चीन से सप्लाई बाधित हुई थी और यही वजह है कि दुनिया का हर देश इसके लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था चाहता है। भारत ग्लोबल सप्लाई चेन में भरोसेमंद पार्टनर बनकर उभरा है और यही वजह है कि दुनिया के देशों के लिए भारत की अहमियत बढ़ गई है। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए जल्दी हो सकती है। इसकी वजह यह है कि ब्रिटेन अंतरिम डील के बजाय फुल डील चाहता है। अभी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब डॉलर का है।

जानकारों का कहना है कि जिस देश के जितने ज्यादा एफटीए होंगे, उसके लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की जरूरत घटती जाएगी। 25 साल से अधिक समय से दुनिया के व्यापार नियमों का संचालन और निगरानी करता आ रहा 164 सदस्य देशों वाला डब्ल्यूटीओ अब सिर्फ नाम का रह गया है। हालांकि भारत जैसे कई विकासशील देशों के लिए डब्ल्यूटीओ का बड़ा योगदान रहा है। करीब एक दर्जन बड़े मामलों में इस मंच के जरिए ही अमेरिका और चीन जैसे दिग्गजों से अपनी बात मनवाने में सफल रहा है।

पीएम आवास योजना के लाभार्थी ने पीएम मोदी को लिखा खत, पीएम ने दी घर मिलने की बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक करोड़ों लाभार्थियों को अपना पक्का घर मिल चुका है। इन लाभार्थियों में मध्य प्रदेश के सागर जिले के सुधीर कुमार जैन भी हैं। कुछ ही समय पहले पीएम आवास योजना के तहत सुधीर को अपना खुद का पक्का घर मिला है। अपने घर का मालिक बनने पर सुधीर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खत लिखकर धन्यवाद दिया।

किस्सा यहीं पर खत्म नहीं हुआ। उनकी चिट्ठी के जवाब में पीएम मोदी ने भी सुधीर को एक चिट्ठी लिखी। सुधीर ने पीएम को लिखी चिट्ठी में पीएम आवास योजना को आवास विहीन गरीब परिवारों के लिए वरदान बताया था। सुधीर ने लिखा था कि अब तक वह किराए के मकान में रह रहे थे और 6-7 बार मकान बदल चुके थे। बार-बार मकान बदलने की पीड़ा क्या होती है, इसे वे भली भांति समझते हैं। सुधीर की इस चिट्ठी के जवाब में पीएम मोदी ने अपने खत में सुधीर को पक्का घर मिलने की बधाई दी और कहा कहा कि अपनी छत, अपना घर पाने की खुशी अनमोल होती है। उन्होंने लिखा मकान केवल ईंट, सीमेंट से तैयार ढांचा नहीं है बल्कि इससे हमारी भावनाएं, हमारी

आकांक्षाएं जुड़ी होती हैं। घर की चहारदीवारी हमें सुरक्षा तो प्रदान करती ही है, साथ ही हमारे अंदर एक बेहतर कल का भरोसा और विश्वास भी जगाती है। प्रधानमंत्री ने आगे लिखा है प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए आपके अपने घर का सपना साकार हुआ है। इस उपलब्धि के बाद आपके अंदर जो संतोष का भाव है, उसका आभास पत्र में आपके शब्दों से सहज ही हो जाता है। आपके परिवार के गरिमापूर्ण जीवन और दोनों बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए यह घर एक नए आधार की तरह है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा है कि पीएम आवास योजना के तहत अब तक करोड़ों लाभार्थियों को अपना पक्का घर मिल चुका है। सरकार हर जरूरतमंद परिवार को घर उपलब्ध कराने के लक्ष्य को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ तेज गति से आगे बढ़ रही है। पीएम ने कहा कि सरकार जन-कल्याण की विभिन्न योजनाओं के जरिए देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के ईमानदार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सुधीर को लिखे पत्र में कहा है कि उन जैसे लाभार्थियों के जीवन में आए ये यादगार पल ही उन्हें राष्ट्र की सेवा में बिना थके, बिना रुके निरंतर कार्य करते रहने की प्रेरणा और ऊर्जा देते हैं।

ननद की जगह परीक्षा दे रही थी भाभी, आई पकड़ में

मैनपुरी। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की सोमवार को द्वितीय पाली में समाज शास्त्र की परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान स्वामी सदानंद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किशनी पर एक महिला परीक्षार्थी को दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया। पकड़ी गई महिला छात्रा की भाभी है ।सोमवार को द्वितीय पाली में स्वामी सदानंद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किशनी पर कक्ष संख्या दो के कक्ष निरीक्षक निमित राय ने केंद्र व्यवस्थापक को सूचना दी कि उनके कक्ष में समाज शास्त्र की छात्रा निर्मला पुत्री मलिखान सिंह के स्थान पर परीक्षा दे रही महिला का फोटो मिलान नहीं हो रहा है। केंद्र व्यवस्थापक ने आंतरिक सचल दल को जांच के लिए भेजा। आंतरिक सचलदल ने जब संबंधित महिला से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना नाम शिवानी पत्नी नरेंद्र कुमार निवासी नगला मूंज इटावा बताया। केंद्र व्यवस्थापक ने शिवानी के संबंध में उच्चाधिकारियों को सूचना दी। परीक्षा के बाद शिवानी के विरुद्ध केंद्र व्यवस्थापक ने थाना किशनी में तहरीर दी। शिवानी को केंद्र पर तैनात पुलिस ने थाना पुलिस को सौंप दिया है। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट समाज शास्त्र के साथ ही रसायन विज्ञान की परीक्षा भी आयोजित हुई। रसायन विज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित हुई।जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि एक महिला को स्वामी सदानंद इंटर कॉलेज किशनी पर छात्रा के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है। केंद्र व्यवस्थापक ने छात्रा के विरुद्ध थाना किशनी में तहरीर दी है।

पंजाब के खेतों में पराली जलाने के एक दिन में सामने आए एक दर्जन से अधिक मामले

चंडीगढ़। वायु को प्रदूषित करने में पराली जलाने के पर पाबंदी के बादजूद पंजाब में पिछले 24 घंटों में गेहूं के अवशेष जलाने के करीब एक दर्जन मामले सामने आए हैं। सूबे में हर साल इस तरह के 7 से 10 हजार मामले अप्रैल से मई तक दर्ज किए जाते है। इस दौरान चारों ओर वायु की गुणवत्ता में भारी गिरावट देखने को मिलती है। इसी बीच पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने 15 अप्रैल से गेहूं की फसल के अवशेष जलाने के मामलों की निगरानी करने का निर्णय लिया है। । 2020 में राज्य में गेहूं के अवशेष जलाने की 8,500 घटनाएं देखी गई थीं। पीपीसीबी की अपील के बावजूद किसानों ने खेतों में आग का सहारा लेकर अपने गेहूं के अवशेषों को साफ करना शुरू कर दिया है। आंकड़ों के अनुसार पंजाब के कुछ हिस्सों में वास्तविक आग की घटनाएं लगभग 100 हैं। एक्यूटल डेटा उपलब्ध नहीं है क्योंकि निगरानी 15 अप्रैल से शुरू होगी। एक अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि किसानों ने बिना समय बर्बाद

किए जून में शुरू होने वाले धान के मौसम के लिए अपने खेतों को तैयार करने के लिए अवशेष जला दिए हैं। हर साल जिला प्रशासन गेहूं के अवशेष जलाने वाले किसानों पर करोड़ों का जुमार्ना लगाता है, लेकिन इनमें से अधिकांश किसानों को बार-बार याद दिलाने के बावजूद पर्यावरण मुआवजा नहीं दिया जाता है। पीपीसीबी के सदस्य सचिव करुणेश गर्ग ने कहा कि हम 15 अप्रैल से खेत में आग पर नजर रखेंगे। अभी तक पंजाब के कुछ हिस्सों में आग लगने की कुछ घटनाएं शॉर्ट सर्किट के कारण हो सकती हैं, जबकि कुछ किसानों ने धान की बुवाई के लिए अपने खेतों को साफ करना शुरू कर दिया है। इस बीच पीएसपीसीएल ने सभी मुख्य अभियंताओं और फील्ड अधिकारियों को आग की घटनाओं को रोकने के निर्देश जारी किए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि खेतों के ढीले तारों को सीधा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली के खंभों के बीच की दूरी को भी ठीक किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि अचानक आग के मामले में किसानों की चिंता को दूर करने के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन भी शुरू की गई है।

उद्यमियों के लिए रेड कार्पेट बिछाएगा गीडा 345 करोड़ से अधिक का होगा निवेश

गोरखपुर। गोरखपुर के गीडा को भी ग्रेटर नोएडा की तरह ही विकसित करने की तैयारी है। बाहर से उद्यमी यहां आकर औद्योगिक इकाई लगाने की तैयारी कर रहे हैं। जिलाधिकारी विजय किरन आनंद और सीईओ गीडा पवन अग्रवाल ने ऐसे उद्यमियों का रेड कारपेट बिछाकर स्वागत करने की बात कही है। जल्द ही गीडा में 345 करोड़ का निवेश होगा। इससे 5000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को औद्योगिक विकास की रफ्तार बढ़ाने को निर्देशित किया था। इस पर जिलाधिकारी और गीडा सीईओ की सक्रियता बढ़ गई है। गीडा द्वारा करीब 40 एकड़ क्षेत्रफल में 106 उद्यमियों को भूखंड आवंटित किए गए हैं और यहां विकास कार्य चल रहे हैं। जल्द ही यहां औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो जाएंगी और 345 करोड़ से अधिक का निवेश आएगा। उम्मीद है कि इस निवेश से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से पांच हजार लोग रोजगार पाएंगे। इन्हीं भूखंडों में रेडीमेड उद्योग को बढ़ावा देने के लिए गारमेंट पार्क के तहत आवंटित भूखंड भी शामिल हैं। रेडीमेड गारमेंट में करीब 60 उद्यमियों को भूखंड आवंटित किए गए हैं। जल्द ही और भूखंड भी आवंटित होंगे। प्लास्टिक उत्पाद के निर्माण के लिए करीब 5.5 एकड़ भूखंड मेसर्स तत्वा प्लास्टिक पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया है। यहां करीब 100 करोड़ से अधिक का निवेश होगा, जिसमें करीब एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। आदित्य मोटर प्रालिको पांच एकड़ भूमि दी गई है।

पीएम मोदी ने शाहबाज शरीफ को दी बधाई साथ में कश्मीर राग पर जवाब भी दिया

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को बधाई दी है। पीएम मोदी ने शरीफ को बधाई देते हुए उनके 'कश्मीर राग' पर भी जवाब दिया है और कहा है कि भारत आतंक मुक्त क्षेत्र में शांति और स्थिरता चाहता है। पीएम मोदी की यह बधाई शाहबाज शरीफ द्वारा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद आई है। दरअसल, पीएम मोदी ने अपने एक ट्ववीट में लिखा, 'शाहबाज शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई। भारत आतंक मुक्त क्षेत्र में शांति और स्थिरता चाहता है, ताकि हम अपने विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें। साथ ही अपने लोगों की भलाई और समृद्धि सुनिश्चित कर सकें। शाहबाज शरीफ को बधाई देते समय पीएम मोदी द्वारा आतंक और शांति का जिक्र करना महत्वपूर्ण है क्योंकि पीएम बनते ही शाहबाज शरीफ ने कश्मीर राग अलापा है।

रेलवे ट्रैक पार करते हुए पांच लोगों के ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

श्रीकाकुलम। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में रात ट्रेन की चपेट में आने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। श्रीकाकुलम जिले के सूचना विभाग के मुताबिक ये हादसा सोमवार रात करीब 9 बजे जी सिगादम और चीपुरपल्ली रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक कुछ यात्रियों ने विशाखापट्टनम-पलासा मेन लाइन पर चेन खींचकर कोयंबटूर-सिलचर एक्स्रेस ट्रेन को रोक दिया। जैसे ही ट्रेन रूकी, उन लोगों ने ट्रेन से उतरकर पटरी पार कर दूसरी तरफ जाने की कोशिश की। इस बीच दूसरी तरफ से भुवनेश्वर-सीएसटी मुंबई कोणार्क एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी। सभी लोग भुवनेश्वर-सीएसटी मुंबई कोणार्क एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन की चपेट में आने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कुछ लोग घायल हुए हैं। हालांकि घायलों के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी नहीं है।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक मौके से पांच लोगों की लाश बरामद कर ली गई है। इन सभी लाशों को उसी ट्रेन से श्रीकाकुलम रोड स्टेशन तक लाया गया जहां से रेलवे ने एंबुलेंस के जरिए मृतकों को अस्पताल तक पहुंचा दिया है जहां उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा। श्रीकाकुलम जिले के कलेक्टर श्रईकेश बी लाथकर ने घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय राजस्व मंडल अधिकारी और तहसीलदार को राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर भेजा। अधिकारियों के मुताबिक डिस्टिक मेडिकल अफसर को घटना की जानकारी दे दी गई है और वो घायलों के इलाज की व्यवस्था कर रहे हैं। इस घटना को लेकर आंध्र प्रदेश के सीएम वाय एस जगन मोहन रेड्डी ने श्रीकाकुलम ट्रेन हादसे में मारे गए सभी लोगों के परिवार के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम रेड्डी ने जिला प्रशासन से बात कर घायलों को अच्छी से अच्छी मेडिकल सुविधा देने का निर्देश दिया है। सीएम ने पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।

गोहत्या के आरोप में व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली में गोहत्या के आरोप में एक शख्स की कुछ लोगों ने एक अधेड़ को बेरहमी से पीट दिया। अधेड़ की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। छावला थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने मृतक की पहचान विवेक (बदला हुआ नाम) के तौर पर की है। पुलिस ने बताया कि मृतक एक फॉर्म हाउस का सुरक्षा गार्ड बताया जा रहा है। जिस पर गाय लेकर आने का गंभीर आरोप भी है। मौके से पुलिस को गोवंश के अवशेष भी मिले हैं। पुलिस अधिकारी की मानें तो यह दिल्ली में पहला ऐसा मामला है, जब गो हत्या के आरोप में लोगों द्वारा किसी की पीट-पीट कर हत्या की गई है। सूत्रों ने बताया कि घटना बीती देर रात करीब सवा दो बजे के आसपास की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि छावला स्थित फॉर्म हाउस पर गोहत्या की गई है।

लखनऊ की 37 और अवैध बिल्डिंग पर चलेगा बुलडोजर

लखनऊ। लखनऊ शहर में बनीं 37 और अवैध बिल्डिंग टूटने का रास्ता साफ हो गया है। कमिश्नर ने इन अवैध बिल्डिंग के निर्माण की अपील खारिज कर दी है। इसी के साथ इनकी सूची एलडीए को भेज दी गई है। प्राधिकरण के अधिकारी अब इन्हें ध्वस्त करने की तैयारी में लग गए हैं। एलडीए के विहित प्राधिकारी ने पिछले 5 सालों में कई अवैध बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था। एलडीए के इस आदेश के खिलाफ लोगों ने कमिश्नर की अदालत में अपील दाखिल की थी। इस पर लंबे समय से सुनवाई चल रही थी। क्योंकि इन 37 लोगों ने बिना नक्शे पास कराएं या फिर नक्शे के विपरीत निर्माण किया था। ऐसे में कमिश्नर की अदालत ने इनकी अपील खारिज कर दी है। इन बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है। कमिश्नर के यहां से 37 बिल्डिंग की सूची एलडीए को भेजी गई। जिसके बाद प्राधिकरण के अधिकारी इन्हें गिराने के प्रयास में लग गये हैं। जल्दी ही यह बिल्डिंग गिरना शुरू होंगी। मंजू कोरी भरवारा गोमती नगर, आशु सिंह उर्फ अनुज सिंह तिवारीपुर बख्शी का तालाब, केतकी सिंह अलीगंज, नागेंद्र यादव साउथ सिटी, अरुण कुमार निगम मोहिनी पुरवा हुसैनाबाद, मनीष सिंह विनीत खंड गोमती नगर, सूर्य कुमार गुप्ता विनीत खंड गोमती नगर, डॉ विनोद कुमार सेक्टर ए फातिमा हॉस्पिटल महानगर, अरविंद कुमार मिश्रा डाली बाग, राजकुमार हरिहर प्रसाद नगर आलमबाग, शैलेंद्र पंकज सरसावां अर्जुनगंज, रूपचंद्र यादव चिनहट, राम कृष्ण गोयल मॉडल हाउस, श्याम सिंह जियामऊ, सुनैना श्रीवास्तव बाजार खाला, अर्पित सेठ सीतापुर रोड, सरिता शुक्ला चिनहट, अनिल कुमार मिश्रा सेक्टर डी एलडीए कॉलोनी, बी दास एल्डिको उदयन दो, रिजवान अहमद न्यू बेरी रोड, सुंदर मेडिकल स्टोर साउथ सिटी, शिव स्वीट एंड रेस्टोरेंट सरस्वती पुरम पीजीआई, खालसा मेडिकल एंड सर्जिकल शॉप एसजीपीजीआई गेट, सत्यनारायण ठाकुरगंज, पवन कुमार एमिटी न्यू केंपस, रोमित बिल्डर विराम खंड गोमती नगर, अनूप गुप्ता त्रिवेणी नगर सीतापुर रोड, शक्ति सिंह मल्हौर तथा डॉ राजेश कुमार कटियार विकल्प खंड गोमती नगर की बिल्डिंग गिराई जाएगी।

सराय काले खां पर रैपिड और रेलवे के स्टेशन को जोड़ेगा ट्रैवलेटर

नई दिल्ली। रैपिड रेल का सराय काले खां स्टेशन ट्रैवलेटर के जरिए हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से जोड़ा जाएगा। एनसीआरटीसी हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और आरआरटीएस स्टेशन के बीच बन रहे 280 मीटर लंबे फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर एक ट्रैवलेटर भी बनवाएगा। यह रैपिड स्टेशन मेट्रो, आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन से जुड़ेगा। सराय काले खां आरआरटीएस स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच की दूरी करीब 300 मीटर है। इस दूरी को देखते हुए पैदल यात्रियों के लिए एक फुट ओवर ब्रिज बनाने का फैसला लिया गया। यहां यात्री भारी सामान के जरिए यात्रा के अलग अलग माध्यम के लिए आते हैं। महिला, बुजुर्ग और दिव्यांगों की जरूरत को देखते हुए यहां ट्रैवलेटर बनाने का फैसला लिया गया। सराय काले खां रैपिड स्टेशन पर फेज-1 के सभी तीन प्राथमिकता वाले आरआरटीएस कॉरिडोर (दिल्ली-पानीपत, दिल्ली-एसएनबी-अलवर और दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ) मिलेंगे।

मुख्तार अंसारी के करीबी पचास हजार ईनामी के घर गरजा बुलडोजर

चिरैयाकोट, मऊ। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बहलोपुर निवासी चर्चित माफिया मुख्तार अंसारी गिरोह शूटर पचास हजार का इनामी अनुज कनौजिया पुत्र हनुमान कनौजिया के मकान पर सोमवार को प्रशासन का बुलडोजर चल ही गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय के आदेश पर अनुज कन्नौजिया के घर पर बुलडोजर चलवाकर कर उसे जमींदोज कर दिया गया। वह मकान पोखरी के भूमि पर अवैध रूप से बनाकर कब्जा किया गया था। उस अवैध मकान पर राजस्व विभाग के तहसीलदार के न्यायालय के आदेश पर बेदखली की कार्यवाही उपजिलाधिकारी मनोज कुमार तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी राजकुमार सिंह की मौजूदगी में किया गया और अवैध रूप से बनवाये गये मकान को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया। जबकि पीडितपक्ष के भाई ने बताया कि यह मकान आबादी की जमीन पर बना हुआ है। पोखरी हमारे भाई के मकान से पूरब स्थित गाटा संख्या 223 में है। जिसका रक्बा 0.184 हेक्टेयर है। जबकि राजस्व न्यायालय ने 4 एयर भूमि पर ही बेदखली की कार्यवाही का आदेश दिया था। पोखरी की भूमि पर कई और लोगों ने भी अपना कब्जा करके मकान बना लिया है। उनके खिलाफ

राजस्व विभाग के न्यायालय द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। हमारे छोटे भाई अनुज कनौजिया के हिस्से में वह मकान बना हुआ है। उस मकान में सुशीला देवी पत्नी हनुमान कनौजिया रहती है। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उस मकान में हम पिछले 40 वर्षो से रहकर अपना गुजर बसर करते आ रहे हैं। आज उस मकान के साथ ही शौचालय को भी बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया है। चूंकि हमारे छोटे बेटे को पुलिस ने हिस्ट्रीशिटर अपराधी बना दिया है। उस नाते प्रशासन द्वारा हमारे मकान पर बुलडोजर चलवाकर जबरन जमींदोज कर-के उसे गिरवा दिया है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी नायब तहसीलदार गौरव शाह, कानूनगो विजय सिंह, थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा, जहानागंज थानाध्यक्ष व सरसेना चैकी प्रभारी गंगासागर मिश्रा एवं अन्य पुलिसकर्मियों के साथ राजस्व विभाग के लेखपाल राजेन्द्र राम, शशिशेखर, बाबूराम मौर्या तथा नगर पंचायत के कई कर्मचारीगण मौके पर मूस्तैदी से डटे रहे।

खेत मे काम करने के दौरान किसान की हार्ट अटैक से मौत

घोसी, मऊ। घोसी ब्लाक क्षेत्र के बीबीपुर गांव में दोपहर लगभग साढ़े ग्यारह बजे खेत में काम कर रहे हैं एक 52 वर्षीय किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते रोते उनका बुरा हाल है। बताते चलें कि मऊ जनपद के घोसी ब्लाक क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी धर्मदेव (52 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय पलकधारी गांव स्थित अपने खेत पर कुछ काम से गए थे तभी दोपहर लगभग साढ़े ग्यारह बजे खेत में ही गिर गए। अगल बगल के लोगों ने पहुंचकर जब देखा तो उनके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। जिससे स्पष्ट हो गया कि धर्मदेव की हार्ट अटैक आ जाने से मौके पर ही उनकी मौत हुई है। मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रोते रोते बुरा हाल हो गया।

60 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

मऊ। मुख्तार अंसारी व उनके करीबियों पर जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को सरायलखंसी थाना क्षेत्र के भुजौटी में जिलाधिकारी अरूण कुमार के निर्देश के क्रम में सदर के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश मिश्रा द्वारा अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति का निवेश कर यश विक्रम अनीता देवी प्रीति वर्कशीट इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर विजय कुमार आदि के नाम से लगभग 60 करोड़ रुपए मूल्य की भूमि, जिसे प्रशासन का कहना है कि यह अवैध आय के द्वारा खरीद कर अवैध तरीके से अवैध कॉलोनी और प्लाटिंग की गई है जिसे भारी फोर्स लगाकर बुल्डोजर से ध्वस्त किया जा रहा है। मऊ नगर के आफिसर्स कालोनी के आगे लगभग 5 एकड़ में वाराणसी-गोरखपुर मार्ग से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित गाटा संख्या

163, 164, 170 आदि भूमि की कुल रकबा बाजारू मूल्य लगभग 60 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। जिला प्रशासन इस अवैध प्लाटिंग और कॉलोनी विकसित करने वालों को चिन्हित करने का काम कर रही है। जिनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन, क्षेत्राधिकारी नगर धन्नजय मिश्रा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा इंजीनियर विनियमित क्षेत्र व भारी संख्या में पुलिस फोर्स वन पालिका कर्मी मौजूद रहे। नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन ने बताया कि अवैध कॉलोनी में जमीनों की जांच हेतु राजस्व टीम को दिया गया, तथा निर्देश दिया कि पहले के अभिलेखों से जांच कर लें कि सरकारी भूमि की हेराफेरी तो नहीं की गई है यदि की गई है तो मुकदमा दर्ज होगा और जो भी इसमें शामिल होंगे जेल जाएंगे।

आईपीएल: हैदराबाद ने रोका गुजरात का विजय रथ

सनराइजर्स हैदराबाद ने आठ विकेट से हराया, कप्तान विलियम्सन ने जड़ा अर्धशतक

मुंबई। कप्तान केन विलियम्सन (57)के शानदार अर्धशतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को आईपीएल मुकाबले में आठ विकेट से जीत दर्ज कर गुजरात का विजय रथ रोक दिया। हैदराबाद की चार मैचों में यह दूसरी जीत है जबकि गुजरात की चार मैचों में पहली हार। गुजरात ने हार्दिक पांड्या (50) और मध्य क्रम के बल्लेबाज अभिनव मनोहर (35) की शानदार पारियों की बदौलत 2022 आईपीएल के 21वें मैच में 20 ओवर में सात विकेट 162 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि हैदराबाद ने विलियम्सन के 57 और निकोलस पूरन के नाबाद 34 रन की बदौलत 19.1 ओवर में दो विकेट पर 168 रन बनाकर शानदार जीत अपने नाम की।

लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद ने धीमी शुरुआत की लेकिन कप्तान केन विलियम्सन और अभिषेक शर्मा ने गति पकड़ी और स्कोर को बढ़ाया। हैदराबाद के पिछले मैच के हीरो अभिषेक 42 रन बनाने के बाद राशिद खान का शिकार बन गए। राशिद ने हैदराबाद का पहला विकेट 64 के स्कोर पर गिरा। विलियम्सन ने 13वें ओवर में विपक्षी कप्तान हार्दिक पांड्या की गेंदों पर लगातार दो छक्के मारे। राहुल त्रिपाठी 14वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया लेकिन मांसपेशियां खिंच जाने के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ा। अब निकोलस पूरन मैदान पर उतरे। अब आखिरी पांच ओवर में हैदराबाद को चाहिए थे 47 रन। विलियम्सन ने लौकी फर्ग्युसन की गेंद पर विकेटकीपर के ऊपर से छक्का मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया। विलियम्सन ने विलियम्सन ने 57 रन बनाये। आखिरी तीन ओवर में हैदराबाद को चाहिए थे 28 रन। पूरन ने फर्ग्युसन के ओवर में चौका और छक्का मारकर फासला आखिरी 12 गेंदों में 13 रन ला दिया। पूरन ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर विजयी छक्का जड़ दिया। पूरन ने 18 गेंदों पर नाबाद 34 रन में दो चौके और दो छक्के लगाए और हैदराबाद आठ विकेट से मैच जीत गया। इससे पहले गुजरात ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए मिली-जुली शुरुआत की। पहले ही ओवर में 17 रन बटौरे, लेकिन तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल का विकेट खो दिया। इसके बाद साई सुदर्शन ने मैथ्यू वेड के साथ मिल कर पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश, लेकिन पहला पावरप्लखत्म होने से वह भी आउट हो गए। फिर कप्तान हार्दिक पांड्या क्रीज पर आए और एक छोर को संभाला फिर हार्दिक और मनोहर के बीच चौथे विकेट के लिए बड़ी साझेदारी पनप रही थी कि 104 के स्कोर पर मिलर के रूप में गुजरात ने चौथा विकेट खो दिया, लेकिन इसके बाद पांड्या ने इनफॉर्म बल्लेबाज अभिनव मनोहर के साथ मिल कर पारी को गति दी, हालांकि टीम बड़े टोटल तक नहीं पहुंच पाई।

आज का मुकाबला

शाम. 7:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स **बनाम** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस	रन	गेंद	4/6
मैथ्यू वेड एगबाधा उमरान मलिक	19	19	3/0
गिल कै. त्रिपाठी बो. भुवनेश्वर	07	09	1/0
सुदर्शन कै. केन बो. नटराजन	11	09	2/0
हार्दिक पांड्या नाबाद	50	42	4/1
डेविड मिलर कै. अभिषेक बो. मार्को	12	15	0/0
मनोहर कै. त्रिपाठी बो. भुवनेश्वर	35	21	5/1
राहुल तेवतिया रन आउट	06	04	1/0
राशिद खान बो. नटराजन	00	01	0/0

अतिरिक्त: 22, कुल: 20 ओवर में सात विकेट पर 162 रन **विकेट पतन:** 1-24, 2-47, 3-64, 4-104, 5-154, 6-161, 7-162, **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर कुमार 4-0-37-2, मार्को यानसन 4-0-27-1, वॉशिंगटन सुंदर 3-0-14-0, टी नटराजन 4-0-34-2, उमरान मलिक 4-0-39-1,एडन मारक्रम 1-0-9-0,

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4/6
अभिषेक कै. सुदर्शन बो. राशिद	42	32	6/0
विलियमसन कै. तेवतिया बो. हार्दिक	57	46	2/4
त्रिपाठी रिटायर्ड हर्ट	17	11	1/1
निकोलस पूरन नाबाद	34	18	2/2
मारक्रम नाबाद	12	08	1/0

अतिरिक्त: 6, कुल: 19.1 ओवर में दो विकेट पर 168 रन **विकेट पतन:** 1-64, 1-104*, 2-129 **गेंदबाजी:** शमी 4-0-32-0, हार्दिक पांड्या 4-0-27-1, फर्ग्युसन 4-0-46-0, राशिद खान 4-0-28-1, नालकंडे 2.1-0-22-0, राहुल तेवतिया 1-0-10-0,

आईपीएल में सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हार्दिक पांड्या

गुजरात के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने आईपीएल में छक्कों का शतक पूरा किया। पांड्या ने आईपीएल में सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। हार्दिक पांड्या ने 96वें आईपीएल मैच की 89वीं पारी में छक्कों का शतक पूरा किया। वह आईपीएल में 100 या इससे ज्यादा छक्के लगाने वाले 26वें खिलाड़ी बन गए, लेकिन सबसे कम गेंदों में 100 छक्के जड़ने के मामले में वे भारत के पहले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह कारनामा महज 1046 गेंदों में कर दिखाया है। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या से पहले रिषभ पंत ने भारत की तरफ से 1224 गेंदों में 100 छक्के जड़े थे। हालांकि, आईपीएल में सबसे तेज 100 छक्के जड़ने का कमाल आंद्रे रसेल ने किया है, जिन्होंने 657 गेंदों में 100 छक्के जड़े थे। वहीं, इस मामले में दूसरे नंबर पर क्रिस गेल का नाम है, जिन्होंने 943 गेंदों में आईपीएल के इतिहास में 100 छक्के पूरे किए थे। भारत की तरफ से इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हार्दिक और पंत के बाद युसुफ पठान का नाम है, जिन्होंने 1313 गेंदों में ये कमाल किया था।

द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को किया क्लीन स्वीप

अंतिम टेस्ट में 332 रन से हराया, महाराज बने मैन ऑफ द सीरीज

पोर्ट एलिजाबेथ। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज (40 रन पर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को 80 रन पर ऑलआउट कर 332 रन से बड़ी जीत दर्ज कर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर ली।

बांग्लादेश की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिले 413 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन सोमवार को तीन विकेट पर 27 रन से आगे खेलते हुए 23.3 ओवर में मात्र 80 रन पर ढेर हो गयी और उसे 332 रन से हार का सामना करना पड़ा। केशव महराज ने घातक गेंदबाजी करते हुए 12 ओवर में 40 रन देकर सात विकेट झटके, जबकि ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने 11.3 ओवर में 34 रन पर तीन विकेट लिए। केशव ने पहली पारी में दो और हार्मर ने तीन विकेट लिए थे। दोनों गेंदबाजों ने तीसरे दिन रविवार को तीन विकेट लेने के बाद चौथे दिन सोमवार को बांग्लादेश की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। कोई भी बल्लेबाज दोनों के आगे टिक नहीं पाया। केशव महाराज को मैच में नौ विकेट व पूरी सीरीज में 16 विकेट लेने के लिए। बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में विकेटकीपर लिटन दास ने 33 सर्वाधिक 27 रन बनाए, जबकि मेहदी हसन 20 रन का योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका के लिए 150 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे स्पिनर बने केशव महाराज

बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम टेस्ट की दूसरी पारी में केशव महाराज ने सात बल्लेबाजों को आउट दिया और इस दौरान वह दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट क्रिकेट में 150 विकेट लेने वाले दूसरे स्पिनर बन गए। वह 1960 के बाद पहले स्पिनर है जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलते हुए 150 टेस्ट विकेट हासिल किए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे पहले यह कारनामा ह्यू टेफील्ड ने किया था। टेफील्ड ने 37 टेस्ट मैचों में 170 विकेट झटके हैं। दूसरे नंबर पर अब केशव महाराज का नाम आ गया है, जिन्होंने एक 150 विकेट का आंकड़ा छू लिया है। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले स्पिनरों की बात करें तो तीसरे नंबर पर पॉल एडम्स का नाम आता है, जिन्होंने 45 टेस्ट मैचों में 134 विकेट लिए हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में दूसरे पायदान पर पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैच की सीरीज में बांग्लादेश को क्लीन स्वीप कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। दक्षिण अफ्रीका मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया के बाद 70 प्रतिशत का आंकड़ा पार करने वाले दूसरी टीम बन गई है। ऑस्ट्रेलिया 75 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है, वहीं दक्षिण अफ्रीका 71.42 प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर है। वही भारतीय टीम 58.33 प्रतिशत के साथ तीसरे पायदान पर है और पाकिस्तान भारत से पीछे 53.28 प्रतिशत के साथ चौथे पायदान पर है। बांग्लादेश 9वें स्थान पर बरकरार है। बांग्लादेश 20 प्रतिशत से 16.66 प्रतिशत अंकों पर पहुंच गया है। वहीं जोर रूट की कप्तानी वाली इंग्लैंड 10वें पायदान पर है।

आईपीएल 2022 अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
राजस्थान	04	03	01	06	0.951
कोलकाता	05	03	02	06	0.446
बेंगलुरु	04	03	01	06	0.294
लखनऊ	05	03	02	06	0.174
गुजरात	04	03	01	06	0.097
दिल्ली	04	02	02	04	0.476
पंजाब	04	02	02	04	0.152
हैदराबाद	04	02	02	04	-0.501
मुंबई	04	00	04	00	-1.181
चेन्नई	04	00	04	00	-1.211

कांस्य पदक मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा भारत

पोटचेफस्ट्रूम। एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में नीदरलैंड से 0-3 से हारने के बाद भारत अब इंग्लैंड के खिलाफ अपने कांस्य पदक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो 12 अप्रैल को खेला जाएगा। यह मैच 2013 के जूनियर विश्व कप का दोहराव होगा, जब नीदरलैंड ने सेमीफाइनल में भारत को 3-0 से हराया था और फिर सुशीला चानू के नेतृत्व वाली भारतीय टीम का कांस्य पदक मैच में इंग्लैंड से सामना हुआ था, जिसे भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीता था।भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने 2022 के सेमीफाइनल में हार के बारे में कहा, हम नीदरलैंड के खिलाफ अपने मैच से काफी निराश हैं। हमने कई मौके बनाए, लेकिन इसे गोल में नहीं बदल सके। ऐसा लगा जैसे यह हमारा दिन नहीं था। अतीत में जो हुआ उसके बारे में सोचने का कोई मतलब नहीं है। अब हमें पूरी तरह से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मैच पर ध्यान देने की जरूरत है। उसके खिलाफ अच्छी शुरुआत करने से निश्चित तौर पर हमें सही लय मिलेगी और हम उसके खिलाफ इसी की तलाश करेंगे।

बाबर आजम व राचेल हेन्स को मिला आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार

दो बार यह पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने बाबर

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम को पुरुष और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज राचेल हेन्स को महिला श्रेणी में मार्च महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना।

बाबर ने पुरुष श्रेणी में वेस्टइंडीज के क्रेग ब्रैथवेट और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को पछाड़ कर पुरस्कार प्राप्त किया। वह दो बार यह पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। उन्हें इससे पहले अप्रैल 2021 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उल्लेखनीय है कि बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त मल्टी-प्रारूप दौरे में कई शानदार पारियों की बदौलत यह पुरस्कार जीता है। उन्होंने कराची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 196 रनों की रिकॉर्ड-तोड़ पारी खेली थी।

राचेल हेन्स ने ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप खिताब दिलाने में दिया महत्वपूर्ण योगदान

दूसरी ओर राचेल हेन्स ने ऑस्ट्रेलिया की सातवीं आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 497 रनों के साथ दूसरी सर्वाधिन रन स्कोरर के रूप में अपना 2022 महिला विश्व कप अभियान समाप्त किया था। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार पारियां खेलीं, जिनमें से एक इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में रही, जहां उन्होंने सात चौकों की मदद से 93 गेंदों पर 68 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अपने इसी बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत हेन्स ने महिला श्रेणी में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता।

चहल मामले में फ्रैंकलिन से गुप्त पूछताछ करेगा डरहम

लंदन। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के साथ शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगने के बाद डरहम काउंटी क्लब अपने मुख्य कोच जेम्स फ्रैंकलिन से पूछताछ करेगा। हालांकि इस प्रक्रिया को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। डरहम ने बताया कि हम इस घटना से वाकिफ हैं और उनसे बात करेंगे। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में एक चैट-शो के दौरान चहल ने 2011 के आईपीएल दिनों में मुंबई इंडियंस के अपने सीनियर साथियों फ्रैंकलिन और ऐंड्रयू साइमंड्स पर शारीरिक दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। चहल ने कहा था कि ये दोनों खिलाड़ी उनके हाथ-पैर बांधकर, मुंह में टेप लगाकर, उन्हें अकेले कमरे में छोड़कर चले गए थे और वह रात भर ऐसे ही रहे। ऐसा चैंपियंस लीग फाइनल जीत के जश्न के दौरान हुआ था।

जर्मनी के खिलाफ प्रो हॉकी लीग मैचों के लिए भारतीय टीम घोषित

अमित रोहिदास करेंगे टीम की कप्तानी

भुवनेश्वर। हॉकी इंडिया ने सोमवार को जर्मनी के खिलाफ एफआईएच प्रो हॉकी लीग के डबल हेडर मुकाबलों के लिए 22 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की। डबल हेडर मुकाबले यहां 14 और 15 अप्रैल को प्रतिष्ठित कलिंग स्टेडियम में खेले जाएंगे।

टीम की कप्तानी अमित रोहिदास करेंगे और हरमनप्रीत सिंह उप कप्तान होंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने टीम के बारे में कहा, इस साल की एफआईएच प्रो लीग ने हमें विभिन्न संयोजनों और रणनीति को आजमाने के शानदार अवसर प्रदान किए हैं। हमने जाना है कि मैदान क्या चीज काम करता है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, इस बारे में पता चला है। जर्मनी के खिलाफ यह हफ्ता इस साल के लिए हमारे घरेलू मैचों का आखिरी चरण है और हम एक बार फिर दो और विश्व स्तरीय मुकाबलों की उम्मीद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ने इस सीजन प्रो लीग में 10 मैच खेले हैं और वह छह सीधी जीतों और एक पेनल्टी शूटआउट जीत के साथ 21 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि आठ मैचों में 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

22 सदस्यीय भारतीय टीम

गोलकीपर्स : पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक।

डिफेंडर्स : वरुण कुमार, अमित रोहिदास, सुरेंद्र कुमार, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, गुरिंदर सिंह।

मिडफील्डर्स : नीलकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह।

फॉरवर्ड्स : सुखजीत सिंह, अभिषेक, मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह।

ला लिगा अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा बार्सिलाना

लेवांटे को 3-2 से शिकस्त दी

मैड्रिड। स्थानापन्न खिलाड़ी लुक डे जोंग के इंजुरी टाइम में दागे गए गोल की बदौलत बार्सिलोना ने तीन पेनल्टी गंवाने के बावजूद स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में लेवांटे पर 3-2 से हराकर सभी टूर्नामेंट में अपना विजयी अभियान 15 मैच तक पहुंचा दिया है।

बार्सिलोना ने दूसरे हॉफ में तीन पेनल्टी गंवायी थी लेकिन जोंग गोल उसे ने तीन अंक दिला दिए। बार्सिलोना के लिए जोंग के अलावा पियरे एमेरिक ने 59 वें मिनट और पेड्री गोंजालेज ने 63 वें मिनट में गोल दागे। इस जीत के साथ बार्सिलोना ला लिगा तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बार्सिलोना शीर्ष पर काबिज रीयाल मैड्रिड से 12 अंक पीछे है। रीयाल मैड्रिड ने शनिवार को गेटाफे को 2-0 से हराया था। एक अन्य मैच में रीयाल सोसिडाड ने एल्ची को 2-1 से हराकर चैंपियन्स लीग में अपनी जगह सुरक्षित करने की कवायद जारी रखी। अन्य मैचों में एस्पेनयोल ने सेल्टा विगो को और ओसासुना ने अलावेस को समान 1-0 के अंतर से हराया।

मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल से ड्रॉ खेला

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल के खिलाफ बेहद रोमांचक मैच को 2-2 से ड्रॉ खेलकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल खिताब जीतने का दावा मजबूत किया। लिवरपूल ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी की। सिटी को केविन डि ब्रूएन ने पांचवें मिनट में ही बढ़त दिला दी थी लेकिन डिएगो जोटा ने 13वें मिनट में लिवरपूल को बराबरी दिला दी। गैब्रियल जीसस ने 37वें मिनट में सिटी को फिर से बढ़त दिलायी लेकिन लिवरपूल सैडियो माने के 46वें मिनट में किये गये गोल से बराबरी करने में सफल रहा। गैब्रियल जीसस ने 37वें मिनट में सिटी को फिर से बढ़त दिलायी लेकिन लिवरपूल सैडियो माने के 46वें मिनट में किये गये गोल से बराबरी करने में सफल रहा। लिवरपूल के पास इस मैच में जीत से शीर्ष पर पहुंचने का मौका था लेकिन वह दूसरे स्थान पर बना हुआ है। लिवरपूल के 31 मैचों में 73 जबकि सिटी के इतने ही मैचों में 74 अंक हैं।

अगले साल होगा पहला महिला अंडर-19 विश्व कप

2024 पुरुष टी20 विश्व कप में पहली बार हिस्सा लेंगी 20 टीमें

दुबई। 2024 में वेस्टइंडीज और संयुक्त राष्ट्र अमरीका (युएसए) में सह-आयोजित टी20 विश्व कप में 12 टीमें सीधे क्वॉलफाई करेंगी।

रविवार को दुबई में अपने मीटिंग संपन्न करने के साथ-साथ आईसीसी ने महिला क्रिकेट में 2024 टी20 विश्व कप और 2025 के वनडे विश्व कप के क्वॉलीफिकेशन प्रक्रिया पर कुछ फैसले लिए। साथ ही महिला क्रिकेट में पहले अंडर-19 विश्व कप का भी कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में पहली बार 20 टीमें भाग लेंगी और शीर्ष की आठ टीमें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2022 विश्व कप के तालिका के आधार पर मेजबान टीमों के साथ लीग स्टेज के लिए क्वॉलीफाई कर जाएंगी। इस क्वॉलीफिकेशन में बाकी की दो टीमें इस साल 14 नवंबर पर जारी आईसीसी टीम रैंकिंग के आधार पर पहचानी जाएंगी। यदि वेस्टइंडीज़ इस साल के विश्व कप में शीर्ष आठ टीमों में हो तो रैंकिंग्स की शीर्ष तीन टीमों को इस क्रम में शामिल किया जाएगा। बाक़ी की आठ टीमों के लिए स्थानीय क्वालिफ़ायर खेले जाएंगे जिसमें अफ़्रीका, एशिया और यूरोप से दो दो टीमें होंगी और अमरीकी महाद्वीप से एक टीम और पूर्वी एशिया से एक टीम होगी।ॉमहिला क्रिकेट का पहला अंडर-19 विश्व कप साउथ अफ्रीका में जनवरी 2023 में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी और इसे टी20 फॉर्मैट में खेला जाएगा। यह दक्षिण अफ्रीका में दो महीनों में ही दो बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी का पहला अवसर होगा। अगला टी20 विश्व कप भी दक्षिण अफ्रीका में ही 9 फरवरी और 26 फरवरी के बीच खेला जाएगा। 2025 में होने वाले इस विश्व कप में आठ टीमें होंगी हालांकि अब तक मेजबान का फैसला नहीं हुआ है।

2023 इवेंट के प्रत्येक समूह से शीर्ष तीन टीमें शामिल होंगी

आईसीसी ने रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, अगर वेस्टइंडीज इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में शीर्ष आठ में रहता है तो रैंकिंग के आधार पर तीन टीमें आगे बढ़ेंगी और अगर वह शीर्ष आठ से बाहर रहता है तो दो टीमें रैंकिंग के माध्यम से क्वॉलीफाई करेंगी। यूएसए पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह हमारी टीम के लिए दूसरा टी-20 विश्व कप होगा, क्योंकि हम इस साल हमारे सामने अवसर पर बहुत ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, क्योंकि हम 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप में अंतिम दो स्थानों के लिए जुलाई में जिम्बाब्वे की यात्रा करने वाली आठ टीमों में से एक हैं। मुख्य कोच अरुण ने कहा, हम पिछले कुछ समय से अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। फ्लोरिडा में 2021 दिसंबर में एक टेस्ट राष्ट्र आयरलैंड पर हमने पहली जीत दर्ज की। मैं सच में अपने खिलाड़ी पूल में लगातार बढ़ती गहराई से भी खुश हूं, क्योंकि हम यहां कई युवा, प्रभावशाली घरेलू प्रतिभाएं लाएं हैं जो आगामी कई वर्षों के लिए टीम का भविष्य बनाने में मदद करेंगी। आईसीसी ने कहा, आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 के लिए क्वॉलीफिकेशन का रास्ता भी तय कर लिया गया है। आठ टीमों को इस आयोजन में स्वतः योग्यता प्राप्त होगी, जिसमें 2023 इवेंट के प्रत्येक समूह से शीर्ष तीन टीमें शामिल होंगी (यदि छह में नहीं) और पूर्व-निर्धारित तिथि पर महिला टी-20 रैंकिंग तालिका में अगली सर्वोच्च रैंक वाली टीमें शामिल होंगी। शेष दो टीमों को महिला टी-20 विश्व कप के वैश्विक क्वालीफायर टूर्नामेंट के माध्यम से चुना जाएगा।

सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों को श्रेय मिलना चाहिये: हार्दिक

नवी मुंबई। लगातार तीन जीत के बाद इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद से आठ विकेट की करारी शिकस्त झेलने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों की तारीफ की। हार्दिक की नाबाद अर्धशतकीय पारी के बाद भी गुजरात की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 162 रन ही बना सकी। हैदराबाद ने कप्तान केन विलियमसन की 57 रन की पारी के दम पर पांच गेंद शेष रहते इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैच के बाद पुरस्कार समारोह में हार्दिक ने कहा, बल्लेबाजी के दौरान हमने सात से 10 रन कम बनाये, ये रन आखिरी में काफी मायने रखते है। गेंदबाजी में दो खराब ओवरों ने हमारा खेल बिगाड़ दिया। हार्दिक ने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने आखिरी के ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की। पिच पर असामान्य उछाल थी और उनके गेंदबाज अलग-अलग लंबाई के है, जिससे उन्हें फायदा हुआ। जिस तरह से उन्होंने गेंदबाजी की उसका श्रेय उन्हें दिया जाना चाहिये। मैन ऑफ द मैच विलियमसन ने भी टीम के प्रदर्शन में सुधार पर खुशी जतायी। उन्होंने कहा, हमने अच्छी गेंदबाजी की। बल्लेबाजी में लय हासिल करना मुश्किल था इसलिए हम साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे थे। टीम ने अच्छा सुधार किया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यइस लक्ष्य का पीछा करते समय हमें कुछ अटपटा करने की जगह सिर्फ साझेदारी बनाने पर ध्यान देने की जरूरत थी, जिसमें हम सफल रहे।

पेयजल स्वच्छता मिशन के तहत छात्रों को किया गया पुरस्कृत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय जमापुर में मंगलवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान जल ही जीवन मिशन तथा हर घर नल योजना के साथ स्वच्छ पेयजल के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच निबन्ध और चित्रकला प्रतियोगिता हुई। जिसमे प्रिंस वर्मा को प्रथम, रितेश वर्मा को द्वितीय व अभय कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा पेयजल व स्वच्छता क्लब का गठन किया गया। जिसमें रितेश वर्मा को प्रधानमंत्री, सृष्टि सोनी को खेल मंत्री व श्रद्धा वर्मा को शिक्षा मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान से जुड़ी प्रिया राय, विद्या राय, रविन्द्र कुमार व आलोक विश्वकर्मा , ग्राम प्रधान विनोद पटेल, प्रधानाध्यापक विनोद कश्यप व सफाईकर्मी अवधेश पटेल उपस्थित रहे।

महिला विद्यापीठ में बंटा टेबलेट, छात्राओं में खुशी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्राम्यांचल महिला विद्यापीठ गंगापुर में बीएड की दर्जनो छात्राओ को शासन द्वारा प्रदत्त स्मार्ट टेबलेट का वितरण ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा द्वारा मंगलवार को किया गया। टेबलेट पाने के बाद छात्राओ में खुशी दिखी। इस दौरान प्राचार्य डॉ अनुपमा तिवारी, शिक्षा संकाय प्रमुख डॉ आशा दुबे, डॉ प्रमिला राय, डॉ श्वेता सिंह,डॉ संगीता दीक्षित समेत अनेक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

एमएलसी चुनाव में पुनः विशाल सिंह चंचल ने मारी बाजी, लहराया जीत का परचम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आखिरकर एमएलसी चुनाव की मतणना और उसके नतीजे भी आज दिन मंगलवार को जनता के सामने आ गए। चुनाव मतणना के

नतीजे आने पर किसी को जीत का तिलक लगा तो कोई हार के गम में दिखा। बताते चले कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच विधान परिषद द्विवार्षिक (एमएलसी) चुनाव का मतणना विकास भवन में मंगलवार की सुबह आठ बजे से प्रारंभ हुई। दिन में 11 बजे तक परिणाम की घोषणा कर दी गई। भाजपा प्रत्याशी विशाल सिंह चंचल 2422 मत पाकर विजयी घोषित हुए। जबकि सपा प्रत्याशी मदन सिंह यादव को को 632 मत प्राप्त हुए। 43 मत अवैध पड़े थे। चंचल सिंह की जीत से एक तरफ जहां भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं सपाजनों में मायूसी छा गई। करारी हार का मुंह देखने के बाद उदासी के बीच मदन सिंह यादव और उनके समर्थक विकास भवन से निकले।

गंगा में स्नान करते समय सात युवक डूबे

स्थानीय गोताखोरों ने 6 लोगों को बचाया एवं 1 की मौत

प्रखर मिजार्पुर। विंध्याचल जगत जननी माता विंध्यवासिनी की पावन नगरी में बिहार राज्य के बक्सर जिले से 7 युवकों का जत्था माता विंध्यवासिनी के दर्शन हेतु दोपहर 12:00 बजे गंगा स्नान करने हेतु परशुराम घाट पहुंचे स्थानीय लोगों का कहना है कि सातों लोग एकांत में स्नान करने गए थे और सातों लोग डूबने लगे थे। किसी तरह नाविकों ने सातों को बचाया और उसमें से एक को गंभीर अवस्था में अस्पताल भेजा गया। स्थानीय और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब सभी लोगों को

बचाया जा रहा था उस समय वह लोग एक का ख्याल नहीं किए और बाद में बताया गया कि एक और डूबा है। नही तो वह भी बचा लिया गया होता।

सहकारी संघ पीसीएफ गेहूं क्रय केंद्र का उद्घाटन संपन्न

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नवीन मंडी समिति अहरौरा में सहकारी संघ पीसीएफ गेहूं क्रय केंद्र का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव प्रह्लाद सिंह किसान ने किया सर्वप्रथम उन्होंने पूजा अर्चन के बाद प्रथम किसान रामआधार सिंह को माल्यार्पण कर गेहूं खरीद कार्य का शुभारंभ कराया, पीसीएफ प्रभारी अमरजीत सिंह ने किसान रामाधार सिंह को मिष्ठान खिलाकर गेहूं खरीद का कार्य को प्रारंभ किया 2015 रुपए कुंतल कि दरसे खरीदा जा रहा है इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में गुलाब सिंह, राम मनोहर सिंह, सचिव दिनेश कुमार सिंह सहकारी संघ, अखिलेश कुमार शर्मा सहायक समेत अन्य किसान उपस्थित रहे।

शासन सत्ता ने नग्न तांडव करके पार्टी प्रत्याशी मदन को चुनाव हराने का काम किया है : सपा जिलाध्यक्ष

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी विशाल सिंह चंचल की जीत और पार्टी प्रत्याशी मदन यादव की हार पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने इस जीत को सत्ता शासन के दबाव और जिला प्रशासन की मिली भगत से धनबल, बाहुबल की जीत बताया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में खुलेआम समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मदन यादव के साथ-साथ तमाम पार्टी के पदाधिकारियों एवं मतदाताओं के खिलाफ दमन चक्र चलाया गया। उनके साथ गुंडई की गयी, उन्हें बर्बाद और तबाह करने की धमकी दी गयी। मतदाताओं के बीच खुलेआम पैसा बांटा गया तथा तमाम तरीके के प्रलोभन दिये गये। इन तमाम नापाक हरकतों के खिलाफ हम लोगों के द्वारा जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा चुनाव

आयोग से बार बार शिकायत करने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी, बल्कि जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा खुलेआम भाजपा प्रत्याशी को संरक्षण दिया गया। सत्ता का खुलेआम दुरूपयोग किया गया। भाजपा को चुनाव जीताने के लिए खुलेआम सरकारी मशीनरी का भी दुरूपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पूरी ईमानदारी से इस चुनाव को लड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने मदन यादव को पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन शासन सत्ता ने नग्न तांडव करके पार्टी प्रत्याशी मदन को चुनाव हराने का काम किया है। इस चुनाव में भाजपा ने पूरी तरह से लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी मदन यादव को वोट देने वाले विधायकों, जिला पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधान एवं वीडीसी सदस्यों के प्रति आभार जताया।

बिजलेंस की पड़ी रेड व्यापार मंडल विधानसभा अध्यक्ष के आश्वासन पर लौटे विद्युत अभियंता टीम

प्रखर पूर्वांचल बृजमनगंज न्यूज । जनपद महराजगंज स्थित नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे में सुबह सात बजे बिजली विभाग के आला अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ थाना रोड गली में बकायेदारों का कनेक्शन चेक करने पहुंची।कई लोगों के यहां दो किलोवाट कनेक्शन पर एसी चलाया जा रहा था।कई लोगों का तीस हजार से अधिक बिजली का बिल बकाया था उनके कनेक्शन काट दिया गया जैसे ही यह सूचना नगर मे फैली कस्बे में हडकंप मच गया।बकायेदारों ने चेकिंग के डर से अपनी दुकान बंद कर चले गए।कस्बे की स्थिति लाकडाऊन जैसी हो गई।व्यापार मंडल विधानसभा अध्यक्ष आशीष जायसवाल सहित कस्बे व्यापारी एवं जनप्रतिनिधि इकट्ठा हो गए।विजलेंस अधिकारी को अपना परिचय देते हुए व्यापारियों के हित मे बकाया राशि जमा करने के लिए कुछ समय का मोहलत मांगा।

विधानसभा अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने आश्वासन दिया कि जो बकायेदार व्यापारी हैं उन्हें सूचना के माध्यम से बकाया राशि जमा कराने का पूरा प्रयास किया जायेगा।यहां के छोटे बडे व्यापारी काफी डरे व सहमे हुए हैं।उन्हें परेशान न करें। संबंधित अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए कहा कि 25/04/2022 तक बकाया राशि बकायेदार बिजली विभाग आफिस अथवा आनलाईन जमा कर रसीद प्राप्त करें।जिन दुकानदारो का सामान्य बिल हैं उसे कामर्शियल करा ले तथा जिनका मीटर नही लगा है वह मीटर लगवा ले अन्यथा ऐसे उपभोक्ताओं पर उचित कार्यवाही की जायेगी।जेई गोपाल सिंह, सच्चाराम, जनप्रतिनिधि भाजपा नेता चेयरमैन प्रत्याशी राकेश जायसवाल, पूर्व प्रधान चेयरमैन प्रत्याशी दिलीप चौधरी,ब्यापार मंडल विधानसभा उपाध्यक्ष जगदम्बा जायसवाल, गणेश जायसवाल, मंत्री गौरव जायसवाल,राजू जायसवाल, चेयरमैन प्रत्याशी गणेश जायसवाल, दिलीप मणि,पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र यादव सहित कस्बे के सैकड़ों ब्यापारी मौजूद रहे।

दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर दीदारगंज आजमगढ़। दीदारगंज क्षेत्र के गदाईपुर गांव निवासी दयाशंकर पुत्र श्री राम की पुत्री श्वेता उर्फ गुंजा की शादी दीदारगंज थाना क्षेत्र के ही राजापुर गांव में हुआ था, जहां पर उसकी बीते 8 अप्रैल 2022 को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत के बाद पिता दयाशंकर द्वारा दीदारगंज थाने में उसके पति के ऊपर दहेज के लिए करने का आरोप लगाते हुए दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी कि मंगलवार को दहेज हत्या के मुकदमा मे वांछित अभियुक्त जय प्रकाश राजभर पुत्र राजबहादुर राजभर निवासी ग्राम राजापुर थाना दीदारगंज को पुलिस ने राजापुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तारी टीम थाना अध्यक्ष मदन कुमार गुप्ता उप निरीक्षक अरविंद कुमार यादव कांस्टेबल मंदीप कुमार, सुमन व नागेंद्र कुमार थे।

बंदरों के हमले में महिला घायल

प्रखर मिजार्पुर। अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम-भुईली खास में पिछले दो-तीन वर्षों से बंदरों का बहुत बड़ा आतंक फैला हुआ है।चार -पांच वर्ष पहले सिर्फ आधा दर्जन बंदर कहीं से इस गांव में आ गए और आज इनकी संख्या बढ़कर सैकड़ों में हों गयी है

तथा अब खाने-पीने के चक्कर में यहां के बंदर काफी आक्रामक हो गये है।अब तक लगभग पचासों लोग इन बंदरों के हमले में घायल हो चुके है।ये ज्यादातर छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं पर ही हमलावर होते हैं।छोटे बच्चों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।बच्चों को पढ़ने भेजने के लिए अभिभावकों को विद्यालयों तक या विद्यालय के बसों तक छोड़ने जाना पड़ता है।गांव में कच्चे खपरैल के मकानों के सारे खपरैल बंदरों द्वारा तोड़ दिए गए हैं।मकानों के छतों पर,बारजे पर कपड़ा आदि डालना मुश्किल हो गया है।घरों में लगे टीवी के एंटिना,पानी की टंकी,पाईप की वायरिंग,बिजली के केबल,फलों-सब्जियों के पेड़-पौधे आदि कुछ भी सुरक्षित नहीं है। बहुत सारे लोग बंदर काटने के बाद रैबीज का टीका लगवा चूके हैं। अभी मात्र चार दिन पहले ही श्रीमती ज्योति कौर पत्नी लल्लू बंदरों से बचने के लिए अपने बच्चे सहित छत नीचे कूद गयी,जिससे पैर टूट गया और प्लास्टर लगवाना पड़ा तथा डेढ़-दो महीने बेड रेस्ट पर रहने के लिए कहा गया।लोगों का कहना है कि बंदरों के हमले में घायल हुए लोगों का अब तक कई लाख रूपया खर्च हो चूका है।इस संबंध में शासन को,वन विभाग को पहले भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।बंदरों के हमले से घायल होने की जानकारी होने पर अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल महिला का हाल- चाल जानने के बाद शासन को अवगत कराया गया तथा बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़े जाने के लिए आग्रह किया गया।

इंडियन बैंक लॉकर लूटकांड का खुलासा, 25000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार

प्रखर चंदौली। जिले में 30-31 जनवरी 2022 की रात में इंडियन बैंक के 40 लॉकरों को गैस कटर से काटकर डकैती करने वाले अंतरराज्यीय चोरों के गैंग में से एक और इनामी बदमाश की गिरफ्तारी की गई है। चंदौली पुलिस ने सिलिगुड़ी से गिरफ्तारी के बाद ट्रांजिट रिमांड के जरिए चंदौली ले आई है।

बताया जा रहा है कि इंडियन बैंक के 40 लॉकरों को गैस कटर से काटकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों में शामिल अशोक मंडल पुत्र सीमापोदो मंडल को 8 अप्रैल को सुरजासेन पार्क, सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल के पास से गिरफ्तार किया गया था और उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर चंदोली कोतवाली पुलिस ने पेश किया है। इसके पास से 4 मोबाइल सेट, 3 आधार कार्ड, एक एटीएम और एक निर्वाचन कार्ड भी बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि अशोक मंडल पर चंदौली कोतवाली पुलिस द्वारा 25000 का इनाम घोषित किया गया था। यह

इंडियन बैंक की लूट की घटना में सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा था। इसी अपराधी ने बैंक के अंदर कैमरे और अलार्म के तार को काटने का काम किया था। पुलिस ने बताया है कि अपराधी की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में पता चला है कि यह लोग गैंग बनाकर इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं। इसके पहले कानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज के अलावा झारखंड, मुंबई, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे अन्य जगहों पर इस तरह की घटना को अंजाम देते हुए बैंक एवं सोने चांदी की दुकानों से लूट किया करते हैं। पकड़े गए अपराधी ने बताया कि वह घटना करने से पहले चार-पांच महीने तक उसी इलाके में खिलौने-गुब्बारा इत्यादि बेचने के लिए फेरी लगाते हैं और लूट की जगह की रेकी करते हुए घटना को अंजाम देते हैं। इसको गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली के इंस्पेक्टर शेषधर पांडेय, इंस्पेक्टर संजीव मिश्रा, इंस्पेक्टर राजीव सिंह, हेड कांस्टेबल घनश्याम वर्मा, कांस्टेबल राणा प्रताप सिंह, कांस्टेबल आनंद, हेड कांस्टेबल भूलन यादव तथा कांस्टेबल नीरज कुमार मिश्रा शामिल है।

एमएलसी चुनाव में बम्पर जीत के बाद विशाल सिंह चंचल के लिए किया गया स्वागत समारोह का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता मे विशाल सिंह चंचल के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम में रामतेज पांडेय, सरिता अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, जिला प्रभारी अशोक मिश्रा, पंकज सिंह चंचल, सुनिता सिंह, राजन सिंह, अजिताभ राय, आनन्द राय,

अवधेश राय, मनोज गुप्ता, बृजेन्द्र सिंह, देव प्रकाश सिंह, रमेश सिंह पप्पू, राजेश भारद्वाज, बृजनन्दन सिंह, शशिपाल सिंह घूरा, मशाला सिंह, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, अवधेश राजभर, रामराज बनवासी, रामनरेश कुशवाहा, शशिकान्त शर्मा, हिमांशु सिंह, साधना राय, किरन सिंह, राजकुमार झंवर, शशिप्रकाश राय, पप्पू सिंह, विनोद अग्रवाल, रूद्र प्रताप सिंह, अमरेश गुप्ता, विवेकानंद पांडेय, अनुज अकेला, सुरेश बिंद, आलोक शर्मा, अर्जुन सेठ, संदीप सिंह सोनू, धर्मेंद्र कुशवाहा, गोपाल राय सहित आदि लोगों ने नवनिर्वाचित एमएलसी विशाल सिंह चंचल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम का संचालन दयाशंकर पांडेय ने किया।

संक्षिप्त खबरें

चोलापुर थाना पर तैनात उपनिरीक्षक की रात में अचानक हुई मौत

प्रखर चोलापुर वाराणसी। थाना चोलापुर में नियुक्त उ0नि0 जैसवारा विजय कुमार जैसवार, (42 वर्ष) पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी ग्राम बाड़ी तरया, थाना भीटी गोलाबाजार, जनपद गोरखपुर ने कल देर रात्रि करीब एक बजे तक अपने एस एच ओ राजीव कुमार सिंह के साथ विभागीय कार्य करने के उपरांत अपने कमरे पर चले गए। आज दिनांक 12-04-2022 को सुबह देर तक अपने आवास से बाहर न निकलने के कारण विभागीय लोगो द्वारा जगाने के वावजूद न उठने पर लोगो ने प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह को बताया। नजाकत को देखते हुये चिंतित एस एच ओ द्वारा आवास पर जाकर देखा गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा तोड़कर देखा गया तो उक्त उप निरीक्षक अपने कमरे में बेसुध अवस्था में पड़े थे जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक विजय कुमार जैसवार के बारे में अधिनस्त स्टाफ व क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बताया कि वह एक कर्मठ, मृदुभाषी, जनता में अच्छी छवि वाले थे। इनकी असामयिक मृत्यु से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है, जिससे पुलिस विभाग में शोक की लहर है।उनकी मौत की जानकारी मिलने पर उच्च अधिकारी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, एडिशनल एस पी नीरज पांडेय, सी ओ पिंडरा अभिषेक पांडेय आदि सभी मौके पर पहुच विभागीय दिशा निर्देश एस एच ओ को दिया।मृतक विजय कुमार जैसवार की पत्नी का नाम अनिता देवी व दो पुत्र आयुष 11 वर्ष,स्पर्श 5 वर्ष व एक पुत्री 1 वर्ष की है।जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना में 6 मार्च 2021में ज्वाइन किये थे।विभागीय कार्यवाही के उपरांत मृतक वाडी को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन के शहीद स्थल पर शोक सलामी श्रद्धांजलि दी जाएगी।

मोहम्मदपुर ब्लाक के सुरजनपुर ग्राम सभा में काशी दास बाबा पूजा का आयोजन

प्रखर बिंद्रा बाजार /आजमगढ़। मोहम्मदपुर ब्लाक के सुरजनपुर ग्राम सभा में काशी दास बाबा पूजा का आयोजन अमरजीत यादव के द्वारा मंगलवार को किया गया।इस पूजा का अर्थ खौलते हुए दूध से प्रभारी स्नान करते हैं ताई चढ़ाते हैं ताई साहित्य स्नान करते हैं हवन कुंड पर प्रभारी लेटने से भी शरीर पर कोई आंच नहीं आती इस पूजा का बहुत ही महत्त्व है सदियों से इस पूजा को गर्मी के महीने में ही लोग करा चढ़ाते हैं सवारी कई घड़ा पानी से नहाने के बाद दूसरे भी स्नान करते हैं घड़ा की बनाई हुई ताई से भी स्नान करते हैं अपने शरीर पर लेप करते हैं गर्म रहने पर भी उनके ऊपर कोई असर नहीं करता यह देवी का चमत्कार वन शक्ति मां का पूजा कालिदास बाबा महाराज की जय कार भी बीच-बीच में लगता रहा दुर्गा मां शंकर जी हनुमान जी सभी देवी देवताओं का जयकार बीच-बीच में द्वारा लगाया जा रहा है पूजा पाठ से मन को शांति मिलती है हवन करने से वातावरण शुद्ध करण हो जाता है मौके पर डॉ सूर्य प्रकाश यादव हरकेश यादव इंदल यादव दयाराम यादव राजेंद्र यादव समेत अनेक लोग उपस्थित रहें।

मड़ाई करके घर लौट रहे रहें, युवक पर हथियार से लैस मनबढ़ युवकों ने किया हमला

प्रखर खानपुर गाजीपुर। बीतीरात थानाक्षेत्र के श्रीगारपुर गाँव निवासी रविन्द्र यादव पुत्र नन्हू यादव देररात करीब साढ़े इग्यारह बजे अपने खेत से गेहू की मड़ाई करके वापस अपने घर आ रहे थे कि तभी पहले से घात लगाकर बैठे मनबढ़ युवकों ने उनपर हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये।वही पीड़ित ने इसकी लिखित सूचना खानपुर पुलिस को दी।जानकारी के अनुसार बीतीरात करीब साढ़े इग्यारह बजे अपने खेत से गेंहू की मड़ाई करके लौट रहे श्रृंगारपुर गाँव निवासी रविंद्र यादव पुत्र नन्हू यादव जैसे ही अपने घर के लिए निकले कि पहले से घात लगाकर बैठे धीरेंद्र यादव पुत्र राजेंद्र यादव अपने दोस्तों के साथ हथियार से लैश होकर हमला कर दिया जिससे रविंद्र बुरी तरह घायल हो गया।वही घायल रविंद्र के शोरगुल करने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये।वही लोगो को आता देख मनबढ़ युवक वहां से फरार हो गए। घायल युवक रविन्द्र ने तत्काल इसकी सूचना डायल112 को दी।सूचना पर पहुँची खानपुर डायल 112 ने घायल युवक को इलाज के लिए भेजवाया और परिजनों को सूचना दी।वही सुबह पीड़ित रविन्द्र व उनके परिजनों ने इसकी लिखित शिकायत खानपुर पुलिस को दी है।

हाईस्कूल की परीक्षा देने गये, युवक की बाईक चोरी

प्रखर खानपुर गाजीपुर। थानाक्षेत्र के गदनपुर निवासी रितेश नाविक पुत्र दिलीप कुमार सिंह हाईस्कूल की परीक्षा देने गये क्षेत्र के उचौरी स्थित श्री बैजनाथ इंटर कॉलेज गोपारा उचौरी पर विद्यालय के बाहर अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस Up61Q3711 खड़ी कर परीक्षा देने चला गया।और परीक्षा खत्म होने पर जैसे ही विद्यालय से बाहर आया तो देखा कि उसकी बाईक गायब थी।यही देख रितेश काफी परेशान हो गया और अपनी बाइक की खोजबीन शुरू कर दी।काफी देर बाद भी जब बाईक का कुछ पता नहीं चला तो छात्र ने इसकी सूचना विद्यालय पर मौजूद अध्यापक और अपने परिजनों को दी।वही सूचना पर रितेश की माता ने तत्काल खानपुर थाने पर पहुँच बाईक चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई।थानाध्यक्ष खानपुर घनानंद त्रिपाठी ने बताया कि मामला सज्ञान में है पीड़िता से गाड़ी के कागजात लाने को बोला गया है।व पीड़ित महिला की शिकायत पर कार्यवाही की जा रही हैं।

जाली मृत्यु प्रमाण पत्र के सहारे जालसाजी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। पुलिस ने कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाकर जालसाजी करने के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दिनांक 31.10.2021 को थाना अहरौरा पर मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाकर जालसाजी करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था । स्थानीय थाने पर पंजीकृत मामले में जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 12.04.2022 को उ0नि0 कमलेश कुमार मय हमराह हे0का0 बाबूराम , का0 आशीष कुमार सिंह , रि0का0 अभिषेक मौर्या व म0का0 अंजली वर्मा द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर हिनौता लतीफपुर गेट के पास से अभियुक्ता श्यामदेई देवी पत्नी स्व0 लल्लन सिंह व अ ।भियुक्त विक्की उर्फ विकास पुत्र स्व0 लल्लन निवासीगण लतीफपुर अहरौरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

श्रीराम दरबार की भव्य शोभायात्रा जयघोष एवं डमरू दल ,मातृ शक्ति द्वारा डमरू वादन के साथ हुई आरंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। औरंगाबाद से श्रद्धेय स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती जी व क्षेत्र के सम्मानित वरिष्ठ अभिभावक श्री हरीहर पाण्डेय के द्वारा श्री राम दरबार की आरती पूजन कर श्रीराम दरबार की भव्य शोभायात्रा जयघोष एवम डमरू दल विशेष रूप से मातृ शक्ति द्वारा डमरू वादन के साथ आरंभ हुई। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर मृदुला जायसवाल राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु (स्वतंत्र प्रभार) व विधायक सौरभ श्रीवास्तव की उपस्थित थे। जन-जन के आदर्श मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के अवतरण दिवस रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम दरबार की भव्य शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर राम भक्तों ने अपनी छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत व अभिनंदन किया। शोभायात्रा मार्ग में जगह जगह पर क्षेत्रीयगणों ने जलपान, शर्बत, पानी इत्यादि की व्यवस्थाएँ किए हुए थे। जिससे लोगों में अपने आराध्य के प्रति प्रेम व हिंदुत्व का बोध चहुं ओर प्रतीत हो रहा था । जगह जगह पर मातायें बहने भी पूरी निष्ठा के साथ पूजन अर्चन करते हुए अत्यधिक उत्साहित दिखी। शोभायात्रा समिति के आयोजक विहिप के प्रान्त मंत्री श्री आनंद सिंह,महानगर अध्यक्ष श्री कन्हैया सिंह, श्रीराम दरबार शोभा यात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री अत्तिन्द्र चतुवेर्दी एवं संयोजक श्री प्रणय पांडेय प्रभु श्रीराम जी का जयघोष करते व सभी भक्तों का उत्साहवर्धन करते चल रहे थे ।शोभायात्रा में बैंड-बाजे के साथ साथ डीजे की राम धुन में नवयुवक व महिलाएं थिरकते चल रहे थे। भगवान श्री राम ने हमे भेद भाव से ऊपर उठकर समाज में चलने की प्रेरणा दी है, आज रामनवमी की शोभायात्रा में काशी के राम भक्त सड़कों पर उतरकर कार्यक्रम को शोभायमान कर रहे थे। देखकर लगा कि जल्द ही रामराज की स्थापना होनी सुनिश्चित है ।भव्य शोभायात्रा अपने निर्धारित समय 4 बजे औरंगाबाद से आरंभ होकर पितरकुंड, लहुराबीर ,चेतगंज, नईसडक, होते हुए चितरंजनपार्क पर भव्य व वृहद आरती के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा में आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी विद्यासागर उपाध्याय, विपिन सेठ, तारा प्रसाद, कर्ण शंकर, संतोष चौरसिया, वीभा मिश्रा, निलिमा मिश्रा, अजय अग्रहरि, आनंद सिंह, राजेश चौरसिया, निरज अग्रवाल, आनन्द सिह, अमन सोमानी, गिरिश उपाध्याय, अरविन्द मौर्या प्रकाश आदि प्रमुख जिम्मेदारी को निभाते चल रहे थे।

बरेका यादव परिवार द्वारा होली मिलन समारोह एवं प्रीति भोज का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बरेका यादव परिवार द्वारा होली मिलन समारोह एवं प्रीति भोज का आयोजन किया गया ' श्री आर एन यादव की अध्यक्षता मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ' कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति पूजा यादव (प्रत्याशी कैंट विधान सभा,वाराणसी) सपा नेत्री और विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनुराधा यादव (अध्यक्षा,महिला जिला कॉग्रेस कमेटी) रहीं ' मुख्य अतिथि महोदया का माल्यार्पण श्रीमती संगीता यादव और विशिष्ट अतिथि महोदया का माल्यार्पण श्रीमति पल्लवी यादव ने करके स्वागत किया ' गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष श्री अशोक यादव जी का स्वागत श्री रामायण सिंह यादव ,अध्यक्ष,बरेका ने माल्यार्पण करके किया ' गोवर्धन पूजा समिति के कई सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम मे मेधावी छात्र/छात्रों का सम्मान किया गया ' बरेका मे सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत श्री आर डी यादव के सुपुत्र का चयन क्अर पद पर हुआ है ' पुत्र की अनुपस्थिति मे श्री आर डी यादव जी को सम्मानित किया गया ' बरेका में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत श्री रामाश्रय यादव जी की पुत्री अंजली यादव,श्री रविन्द्र प्रसाद यादव की सुपुत्री का चयन एमबी बीएस (ट्इइर) मे हुआ है ' लोकगीत गायक व बरेका मे कार्यरत अजय अजनबी की पुत्री का चयन पीसीएस (ढउर) मे हुआ है ' बच्चों की अनुपस्थिति मे पिता/ अभिभावकों को साफा बाँध कर और शाल भेट कर सम्मानित किया गया ' कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा यादव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनुराधा यादव, श्री सुरेश यादव (सहायक कार्य प्रबंधक), अशोक यादव (अध्यक्ष,गोवर्धन पूजा समिति), श्री राजेश कुमार (जन सम्पर्क अधिकारी,बरेका), श्री प्रदीप यादव (सदस्य, कर्मचारी परिषद),श्री बी एन यादव, वक्ताओं ने अपने विचार रखे ' मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा यादव ने यादवों को एकजुट रहने,आपस मे भाई चारा बनाए रखने तथा मेधावी छात्र/छात्राओं को हर सम्भव मदद देने पर बल दिया ' मुख्य अतिथि महोदया ने कार्यक्रम मे उमड़ी भीड़ का आभार व्यक्त किया।

जिला धोबी घाट बचाओ समिति ने किया शहर दक्षिणी के विधायक नीलकंठ तिवारी का सम्मान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जिला धोबी घाट बचाओ समिति वाराणासी के मछोदरी स्थित धोबी घाट पर शहर दक्षिणी के लोकप्रिय विधायक व पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार माननीय नीलकंठ तिवारी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर शहर दक्षिणी के कनौजिया समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित होकर अपने समाज की ओर से माननीय क्षेत्रीय विधायक जी का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया, स्वागत अभिनंदन से अभिभूत पूर्व राज्यमंत्री उ प्र सरकार व शहर दक्षिणी के लोकप्रिय विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी जी ने विगत विधानसभा चुनाव में कनौजिया समाज द्वारा

भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान करने हेतु पूरे समाज का दिल से आभार व्यक्त किया व समाज की मूलभूत समस्याओं से रुबरु होते हुए उसके शीघ्र से शीघ्र निराकरण व समाधान हेतु समाज को भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री रजनीश कनौजिया ने व धन्यवाद ज्ञापन समिति के सलाहकार श्री राजकुमार कनौजिया"राजू ने किया। उक्त अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष नंदू कनौजिया, महामंत्री रजनीश कनौजिया, समिति के सलाहकार राजू कनौजिया, रमेश कनौजिया, समिति के महानगर अध्यक्ष राजेश कनौजिया, सुखलाल कनोजिया, रविंद्र कनौजिया दिलीप कनौजिया, राकेश कनौजिया, गुलशन कनौजिया, दीपक कनौजिया, मोहन, सुधीर सहित कनौजिया समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

स्कूल चलो अभियान को लेकर गाजे-बाजे के साथ कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने निकाली रैली

प्रखर संत कबीर नगर। स्कूल चलो अभियान के तहत मंगलवार को नाथनगर ब्लाक क्षेत्र के ओनविलाई में उच्च प्राथमिक विद्यालय के समस्त अध्यापकों व बच्चों द्वारा गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली गई छ और अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान किया। लोगों को समझाया गया कि सरकारी स्कूलों में योग्य शिक्षक हैं, निशुल्क शिक्षा के साथ बैग, ड्रेस, पाठ्य पुस्तकें दी जा रही हैं। रैली में शामिल बच्चे, अध्यापक आदि आधी रोटी खाएंगे, हम स्कूल जाएंगे, लड़का लड़की एक समान, सबको शिक्षा, सबको ज्ञान, मम्मी पापा करें न भूल, बच्चों को भेजे स्कूल, पढ़ी लिखी लड़की रोशनी है घर की, स्कूल चलो आदि नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण किया।

शिक्षा प्राप्त करना बच्चों का मौलिक अधिकार- कंपोजिट विद्यालय ओनियां में बच्चों की रैली को खंड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद जयसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, और खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा प्राप्त

करना बच्चों का मौलिक अधिकार है साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा 4 अप्रैल को श्रावस्ती जिले से स्कूल चलो अभियान की शुरूआत की गई थी। जिसके क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय ओनियां के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर स्कूल चलो अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा की जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश है कि शत प्रतिशत बच्चे स्कूल में नामांकन कराएं जिससे हर बच्चे शिक्षित हो सकें। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार ने कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय ओनविलाई में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हो गई है। शासन के निदेर्शानुसार छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद रहे प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार, प्रधान प्रतिनिधि रवि उपाध्याय, प्रमोद चौधरी, विकास नारायन, सहायक अध्यापक अखिलेश निगम, भृगुनाथ पांडे, शिक्षामित्र प्रेमलता चौधरी, एआरपी वीरेंद्र चौधरी, जया ओझा, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

युवक ने फांसी लगा कर दी जान, युवक के पिता ने ससुराल पक्ष को प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

प्रखर गोरखपुर। आपको बताते चले की पूरा मामला सहजनवां तहसील अंतर्गत गिडा थाना के बांसपार गांव का हैं जहा सोमवार की शाम एक युवक ने अपने कमरे में छत की कुंडी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बांसपर के कन्हैया पांडे का 27 वर्षीय बेटा अविनाश पांडे ने देर शाम अंदर से कमरा बंद करके छत में कुंडी से रस्सी का फंदा गले में लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस घटना से कन्हैया पांडे का पूरा परिवार सदमे में आ गया है इसी क्रम में मृतक अविनाश पांडे के पिता ने गीडा थाने में लिखित शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है । मृतक के पिता का कहना है कि मेरा लड़का अविनाश कुमार पांडे 11/04/2022 को पंखे की कुंडी से लटक कर आत्महत्या कर लिया। मेरा लड़का अविनाश पांडे 10/02/2022 से मुझसे अलग रहकर ससुराल में रहता था। दिनांक 10/04/2022 को मेरे लड़के के ससुराल जनों से विवधुआ था। मृतक के पिता का आरोप है कि मेरे लडके की सास बबीता मिश्रा, नेहा मिश्रा पत्नी व सुनील पांडे द्वारा मिलकर मेरे लड़के को बहुत प्रताड़ित व मारा पीटा गया, जिसके कारण मेरा लड़का आत्मग्लानि के कारण घर के अंदर दरवाजा बंद करके आत्महत्या कर लिया आत्महत्या का कारण मेरे लड़के द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट में अंकित है मैं आज लिखित प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग करता हूं। गिडा थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के पिता के द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र और मृतक के द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट के आधार पर जांच करके जल्द दोषियों के खिलाफ उचित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल चलो, स्कूल चलो, हर घर के बच्चे स्कूल चलो के नारे के साथ रैली का किया गया शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान अभिषेक पटेल द्वारा स्कूल चलो, स्कूल चलो, हर घर के बच्चे स्कूल चलो के नारे के साथ रैली का शुभारंभ किया गया। रैली में बच्चों द्वारा दीप से दीप जलाएंगे, साक्षर देश बनाएंगे। शिक्षा से देश जगायेंगे हर बच्चे को पढ़ाएंगे। हम बच्चों का नारा है,शिक्षा का अधिकार हमारा है। मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ आदि नारे लगाकर ग्रामवासियों को आकर्षित किया गया। रैली में शिक्षकों व बच्चों द्वारा घाटमपुर व उदयराजपुर की बस्तियों में भ्रमण कर बच्चों को विद्यालय में नामांकित कराए जाने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया गया। रैली में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान अभिषेक पटेल एवं प्रधानाध्यापक गण सनत कुमार सिंह व रविंद्र कुमार सिंह व शिक्षक गण राजीव सिंह, शशांक पांडेय, आशीष पांडेय, चंदा सिंह, पुष्पा देवी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सुनीता देवी, संतारा देवी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

लौंदा गांव की जामा मस्जिद मे नमाज तरावीह हुई मुकम्मल, मांगी रहमत की दुआएं

प्रखर चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र के लौंदा गांव में रमजान के मौके पर होने वाली (तरावी) सुन्नते मौकदा नमाज मुकम्मल। रमजान में होने वाली विशेष नमाज पूरे शानो शौकत से खत्म हुई। बिहार प्रदेश के जिला रोहतास स्थित कस्बा कुवात गांव के रहने वाले हाफिज अहमद अली साहब ने (तरावी) कुरआन को बखूबी सुनाया। तरावी में हर उम्र के नमाजियों ने सैकड़ों की संख्या में पढ़ी और शवाब दारेन हासिल किया। मस्जिद के सदर हाजी नेसार अहमद ने हाफिज अहमद अली साहब और मस्जिद के इमाम मौलाना मंसूर आलम को फूलमालाओं से सम्मान किया। एक साथ नमाजियों ने हाथ फैलाकर रहमत, बरकत और खुशहाली की दुआएं मांगी और गुनाहों से तौब की। मिष्ठान का वितरण कर दुआ की गई, हाफिज अहमद अली ने तरावी की नमाज मुकम्मल की व बाद नमाज, दुनिया में शांति और खुशहाली की दुआ की। मौलाना मंसूर आलम से बातचीत के दौरान बताया रमजान सबसे पाक महीना होता है। इस

पाक महीने की हर इबादत का अलग ही सवाब है। रमजान के रोजे फर्ज हैं, ये रोजे किसी भी हाल में माफ नहीं हैं। रोजे का मतलब सिर्फ भूखा रहना नहीं है। हर उस काम से बचना है जो हराम है या जिसको करने से ईमान और रोजे पर असर पड़ता हो। इस मौके पर खुर्शीद प्रधान, मस्जिद के सदर हाजी नेसार अहमद, सेकेट्री फिरोज अहमद एडवोकेट,तौसीफ अहमद एडवोकेट, खजांची एखलाक अहमद, जावेद मास्टर, कब्रिस्तान कमेटी के सदर रियाज अहमद, हसनैन मास्टर, असलम अली, मो इरफान, औरंगजेब शाह समेत बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद थे।

दबंगों ने ग्राम प्रधान को जान से मारने की दी धमकी, प्रधान ने लगाई थाने में न्याय की गुहार

प्रखर सहजनवा गोरखपुर। जी हां पूरा मामला जनपद गोरखपुर के सहजनवा थाना अंतर्गत महराबरी गांव का हैं जहा के ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार ने सहजनवा थाने में थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर जान बचाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ग्राम प्रधान ने अपने गांव के ही कुछ लोगों के ऊपर आरोप लगाया है कि दिनांक 12:/04/2022 समय करीब 7:00 बजे सुबह मैं अपने साथ दो लेबर कुमार चंद तथा राम अजोर को लेकर प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर में हो रहे बाउंड्री वाल के काम के सिलसिले में ईट की तराई करने गया हुआ था। तभी अचानक मोहम्मदपुर के निवासी गोलबंद होकर जिनका नाम असलम पुत्र मुमताज व आफताब है तथा मुकीद पुत्र गण असलम हाथ में लाठी डंडा और और धारदार हथियार चाकू इत्यादि से लैस होकरआए और भद्दी भद्दी गाली व जातिसूचक शब्द चमार का कर दौड़ा लिए और जान से मारने की धमकी दी है की साले

चमांरिया तुमको सेमरदाडी के प्रधान के जैसे जान से मार दूंगा । पीड़ित प्रधान का कहना है की इनके द्वारा गांव के विकास कार्यों में बाधा डाला गया और मुझे प्रताड़ित किया गया। पीड़ित प्रधान का यह भी कहना है कि हमारे ग्राम सभा में तहसीलदार सहजनवा द्वारा विद्यालय के जमीन पर अवैध कब्जा हटाने गए थे उसके बाद सरकारी निर्देश पर बाउंड्री वाल निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है प्रधान मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य करा रहे हैं प्रधान को कई बार जान से मारने की धमकी भी दिया गया है इसकी शिकायत उन्होंने इससे पूर्व भी कई बार थाने में की गई हैं प्रधान ने यह भी बताया कि जहां बाउंड्री वाल का काम चल रहा है वहां पर कई लोगों द्वारा सरकारी जमीन में अवैध कब्जा किए हुए थे जो एसडीएम और तहसीलदार सहजनवा के द्वारा हटाया गया था। जिसकी वजह से दूसरे किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं थी । इन्हीं लोगों को आपत्ति थी, जिसकी वजह से यह लोग आज हमें जान से मारने के लिए हथियार से लैस होकर के आए थे। इसलिए मैं थाना सहजनवा के थानाध्यक्ष से अपनी जान की हिफाजत के लिए लिखित तौर पर प्रार्थना पत्र दे रहा हूं इसी मामले पर थाना सहजनवा के एसएचओ ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा लिखित तहरीर दी गई है मौके पर थाना सहजनवा की पुलिस जाकर के मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नवागत खण्ड शिक्षाधिकारी को बुक देकर किया गया सम्मानित

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय विकास खण्ड के बी आर सी बांसबारी में मंगवार की दोपहर पूर्व खण्ड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार यादव के अध्यक्षता में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब हो कि शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, ब्लाक महामंत्री सुशील सिंह के द्वारा नवागत

खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश राय का बुके देकर सम्मानित किया गया। नवागत खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश राय ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया जायेगा इस अवसर पर ब्लाक कोषाध्यक्ष धीरज सिंह कश्यप, ब्लाक संयुक्त मंत्री सन्तोष राजभर, ब्लाक वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालचन्द यादव,ब्लॉक अध्यक्ष शिववचन यादव, ब्लाक उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राममिलन यादव, धर्मेंद्र कुमार, अमित चौरसिया,अमित सिंह, विनय कुमार मिश्र, केशव सिंह यादव, सुरज कुमार,अतुल सिंह, अरविन्द सिंह, प्रदीप सिंह, विजय प्रताप सिंह, देवेन्द्र कुमार पाठक, प्रवीण प्रकाश सिंह, विकास सिंह, विनीत कुमार सिंह, नितीश पाण्डेय, विनय मौर्या, प्रशान्त मिश्रा, सुनील कुमार यादव, अशोक पाल, तथा समस्त ए आर पी गण एवं शिक्षक संकुल मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

अनियंत्रित होकर ट्रक नहर में पलटी, खलासी जख्मी

प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक थाना के बजरंगनगर चौकी अंतर्गत मुर्खा गांव में बीती रात अनियंत्रित होकर ट्रक नहर के पुलिया से टकरा कर नहर में जा पलटी खलासी हुआ घायल।प्राप्त जानकारी के अनुसार खाली ट्रक लगभग रात के एक बजे आजमगढ से वाराणसी की तरफ तेजी से जा रही थी कि जैसे ही मुर्खा गांव के समीप बने पुल के पास पहुंची की ट्रक चालक को अचानक नींद आने से झपकी लग गई और अनियंत्रित होकर ट्रक नहर की पुलिया से टकरा कर नहर में जा पलटी। ट्रक अनियंत्रित देख ट्रक चालक अपनी जान बचाने रहा कामियाब ट्रक पलटने से खलासी बुरी तरह से घायल हो गया स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके से पहुंचे बजरंग नगर चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह ने घायल खलासी को सामुदायिक केंद्र बीरीबारी उपचार हेतु भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई।

दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहे दो युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर चंदवक जौनपुर। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलास वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी व परीक्षा में धांधली को रोकने के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम से संबंधित अभियुक्त प्रशांत यादव पुत्र भैयालाल व अभियुक्त ऋषिकेश यादव पुत्र पन्नालाल यादव सोहनी निवासी को श्री गणेश राय इंटर कॉलेज कर्रा से दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर दूसरी पाली की परीक्षा देते समय गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तारी करने वाली टीम से उपनिरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह चौकी इंचार्ज बजरंगनगर,का.राजकुमार मौर्य, का.आशीष तिवारी रहे।

सहजनवा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विकास सिंह ने एमएलसी प्रत्याशी सीपी चंद की जीत पर दी बधाई

प्रखर गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद चुनाव के नतीजे आ चुके हैं भाजपा को विधान परिषद में स्पष्ट बहुमत मिला है इसी क्रम में गोरखपुर महाराजगंज विधान परिषद के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी सीपी चंद को भारी बहुमत से जीत हासिल हुई है विधान परिषद के भाजपा प्रत्याशी सीपी चंद 4839 मत मिले। सहजनवा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विकास सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद के प्रत्याशी सीपी चंद को फूलों का गुलदस्ता देकर हार्दिक बधाई तथा शुभ कामनाएं दी है ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विकास सिंह ने बताया की सहजनवा ब्लाक के सभी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों की जीत है इसके लिए हम सभी जनप्रतिनिधियों का हार्दिक सम्मान करते हैं और यह लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है।

रायबरेली विधानपरिषद सीट पर भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह की हैट्रिक

प्रखर वाराणसी। विधान परिषद सदस्य के चुनाव में रायबरेली से अपनी जीत की हैट्रिक लगाते हुए।भारी मतों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को हराया। योगी 02 मे श्री दिनेश प्रताप सिंह स्वस्त्र प्रभार का मंत्रिमंडल भी दिया गया है। बधाई देने में कोटेदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश तिवारी संदीप मिश्रा लक्ष्मी पाण्डेय रामसेवक अशोक कुमार दिवाकर दूबे संदीप सिंह प्रभु नारायण पाण्डेय दिनेश गुप्ता पंकज मिश्रा उपदेश मिश्रा सन्नी अजय जायसवाल ने दिया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं